R.N.I.NO UPHIN/2010/39063
वर्ष : 14
अंक : 238
पृष्ठ : 8
मूल्य – 2 रुपये

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्धु सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुजरे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



3 प्रभु श्रीराम पर भाजपा का....

लखनऊ मंगलवार,11 जून 2024

बिग बास ओटीटी 3 में एंट्री.... 8

## भारत को विकसित बनाने के लिए अपने आपको खपा दें कर्मचारी: मोदी

नयी दिल्ली 10 जून (एजेंसी)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपने आप को खपा देने का आह्वान किया है।श्री मोदी ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद अपराह्न प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम को ऐसे लोगों की जरूरत है जो देश को विकसित बनाने के लिए दिन रात कार्य कर सकें और इस लक्ष्य के लिए अपने आप को खपा दें। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष से इस टीम में काम करने वाले जो कर्मचारी अब कहीं ओर जाना चाहते हैं उन्हें वह शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि वह टेलीविजन के माध्यम से उनकी बात सुनने वाले अन्य कर्मचारियों को इस टीम में शामिल होने आह्वान करते हैं, उन्हें निमंत्रण देते हैं।उन्होंने कहा, " जो कर्मचारी पिछले दस वर्षों से पीएमओ में कार्य कर रहे हैं और कहीं दूसरी जगह जाना जाते हैं उन्हें मेरी और से शुभकामनाएं हैं। आपने इतना किया इसके लिए ध न्यवाद है। जो आज टी वी पर मेरी बात सुनकर आना चाहते हैं जो मन भाव से खप जाना जाता है पांच साल। आईए निमंत्रण है। हमारा एक ही लक्ष्य है राष्ट्र प्रथम, एक ही इरादा 2047 तक विकसित भारत। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि मेरा पल पल देश के नाम है। मुझे अपनी टीम से 2047 तक दिन रात काम करने की अपेक्षा है। गलती के बिना यदि मैं अपना काम समय पर कर देता हूं तो यह अच्छी चीज है लेकिन इसमें परिपूर्णता नहीं है। मैंने उसमें क्या अतिरिक्त जोड़ा है यह महत्वपूर्ण है। यदि हम इस भाव से काम करेंगे तो अगले पांच वर्षों में हम सपनों को पूरा कर सकते हैं। मेरा दस साल का अनुभव है हमने जो तय किया उसे हम सब ने मिलकर पूरा किया है। "प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और 'लोगों का पीएमओ' बने। उन्होंने कहा कि सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। उन्होंने कहा, " हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड।"श्री मोदी ने कहा कि हमें अपनी मेहनत से देश को वहां पहुंचाना है जहां कोई नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान उन्होंने अपने भीतर के विद्यार्थी को मरने नहीं दिया।

## मोदी ने योगी को दिया सबसे बड़ा ईनाम

### अखिलेश के भी उड़े होश

***सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि सभी ×षकों को हार्दिक बधाई! तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित! आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आज कार्यभार ग्रहण करते ही श्पीएम किसान सम्मान निधिश की 17वीं किस्त जारी करने हेतु फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।***



नई दिल्ली10 जून (एजेंसी) पीएम मोदी को शपथ लिए 20 घंटे हो चुके हैं और वो पूरे एक्शन में भी नजर आ रहे हैं। आज सुबह वो अपने दफ्तर साउथ ब्लॉक पहुंचे। फिर अपना कामकाज शुरू किया। प्रधानमंत्री ने पहला काम किसानों के नाम किया। लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने से संबंधि ात है। इस फैसले के तहत देश के 9 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। ये रकम किसानों के अकाउंट में खटाखट पहुंचेगी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपनी सरकार के 125 दिन के विजन की फाइल पर भी काम करना शुरू कर दिया है। इसको लेकर यूपी के सीएम ने भी आभार जताया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि सभी कृषकों को हार्दिक बधाई! तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित! आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आज कार्यभार ग्रहण करते ही श्पीएम किसान सम्मान निधिश की 17वीं किस्त जारी करने हेतु फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस निर्णय से लाभान्वित होने वाले 9.3 करोड़ अन्नदाता किसानों के बैंक खातों में लगभग ध20,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित होगी। किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करते इस कल्याणकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश के सभी किसान भाइयों–बहनों की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार!बता दें कि पीएम किसान सम्मान निधि से यूपी के काफी किसानों को लाभ मिलता है। वहीं इस योजना का काफी संख्या में लोग लाभ उठा रहे हैं। तहसील स्तर पर किसानों को इस योजना का लाभ देने के लिए अधिकारियों की ओर से जागरुक किया जाता है। इसमें तहसीलदार से लेकर एसडीएम और कृषि विभाग के अधिकारी इस योजना के बारे में किसानों को बताते हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली दिल्ली में मुलाकात की है।

## देशभर में एनईईटी पेपर लीक मामले को लेकर आंदोलन तेज

नई दिल्ली10 जून (एजेंसी) नीट पेपर लीक मामले में हमारे रिपोर्टर ने वाराणसी में आकाश इंस्टीट्यूट के सेंटर डायरेक्टर से बात की। इस दौरान सेंटर डायरेक्टर ने कहा कि नीट के रिजल्ट से छात्रों के बीच अपने भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि पहली बार इस परीक्षा में ग्रेस मार्कस दिये गये हैं और ग्रेस मार्कस देने वाले छात्रों की संख्या लगभग 1500 है। जिससे विद्यार्थियों में एनटीए की मंशा को लेकर संदेह की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा लगभग 70 बच्चों के 720 में से 720 नंबर आना भी गड़बड़ी की ओर संकेत करता है।इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर ने कहा कि पटना में पेपर लीक को लेकर एफआईआर भी दर्ज हुई है लेकिन पुलिस मामले की जांच नहीं कर रही है। एनटीए पर शक जताते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के नतीजे के दिन ही बिना किसी पूर्व सूचना के रिजल्ट जारी कर दिया गया। जबकि पहले परिणाम आने की तिथि 14 जून निर्धारित थी। जिसको लेकर पूरे देश में छात्र आंदोलन करने को मजबूर हो रहे हैं।

## नए गृह मंत्री के नाम से विपक्ष में मची खलबली

### क्या अमित शाह को मिलने वाली है वित्त मंत्रालय की कमान?

***जेपी नड्डा को रक्षा मंत्रालय मिल सकता है। गृह मंत्री एक बार फिर से राजनाथ सिंह के पास जा सकता है। एस जयशंकर विदेश मंत्री ही रहेंगे। ऐसी स्थिति में निर्मला सीतारमण को दूसरा मंत्रालय दिया जाएगा। इसके अलावा जेपी नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाकर स्वास्थ्य मंत्रालय दिया जाता है तो उनके कद के हिसाब से हो सकता है।***



नई दिल्ली। मोदी 3.0 का शपथ ग्रहण हो चुका है और हर कोई इस बात का इंतजार कर रहा है कि नरेंद्र मोदी किसे फर्स्ट डाउन उतारेंगे। 2014 से 2019 के पोर्टफोलियो डिस्ट्रिब्यूशन में भी सीसीएस के अंदर कई चेहरों को बदला गया था। कई मंत्रियों के चेहरे बदले गए थे और उनके विभाग बदले गए थे। ऐसे में 2024 के पीएम अपने मंत्रिमंडल के गठन में कई चेहरों को बदल सकते हैं। माना जा रहा है कि सीसीएस में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। जेपी नड्डा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और वो अगर मंत्री बने हैं तो उनको कोई कद्दावर पोर्टफोलियो ही दिया जाएगा। उन्हें सीसीएस में रखा जा सकता है। सीसीएस में इक्वेशन के हिसाब से अमित शाह को वित्त मंत्री की कमान मिल सकती है। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), एसएफआईओ (थ्व्) जैसी प्रमुख जांच एजेंसियां घ्शाह के अधीन हो सकती हैं।जेपी नड्डा को रक्षा मंत्रालय मिल सकता है। गृह मंत्री एक बार फिर से राजनाथ सिंह के पास जा सकता है। एस जयशंकर विदेश मंत्री ही रहेंगे। ऐसी स्थिति में निर्मला सीतारमण को दूसरा मंत्रालय दिया जाएगा। इसके अलावा जेपी नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाकर स्वास्थ्य मंत्रालय दिया जाता है तो उनके कद के हिसाब से हो सकता है। ऐसी स्थिति में सीसीएस के चारों सदस्य अपने अपने पद पर रह सकते हैं। वित्त मंत्रालय को लेकर कई तरह के कयास चल रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रहेंगी या फिर इसमें कोई बदलाव होगा।

## नीट विवाद पर न्याय की मांग करते हुए एसआईओ ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

नई दिल्ली। स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (एसआईओ) ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में नीट (यूजी) 2024 परीक्षा प्रक्रिया में सामने आईं अनियमितताओं को संबोधित करते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस मामले को लेकर एसआईओ ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें नीट की काउंसलिंग को रोकने और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित पूरी प्रक्रिया की एसआईटी से जांच कराने की मांग की गई है। एसआईओ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. रोशन मोहिद्दीन ने छज। की कार्यशैली और नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से ही एक–के–बाद–एक होने वाली घटनाओं के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 15 दिन की मोहलत दिए जाने के बाद भी 9 अप्रैल को रजिस्ट्रेशन पोर्टल अचानक फिर से खोलना इसमें अनियमितताओं को दर्शाता है। इसके अलावा, बिहार में पेपर लीक और गुजरात और नोएडा में कदाचार की हालिया घटनाओं के परिणामस्वरूप गिरफ्तारियों ने इस परीक्षा में निष्पक्षता और गोपनीयता पर भरोसा कम करने का काम किया है। इसके अलावा, ग्रेस अंकों का आवंटन पारदर्शिता और जवाबदेही के बारे में गंभीर सवाल खड़े करता है। हालांकि छज। ने 'समय की हानि' के लिए ये अंक देने का दावा किया है लेकिन वे इस 'समय की हानि' को निर्धारित करने के लिए किसी मानदंड और कार्यप्रणाली को दस्तावेजित या पारदर्शी रूप से बताने में विफल रहे। इसके अलावा, विवरणिका में कोई जानकारी दिए बिना ही ट्विटर पर उनके द्वारा ब्स्।ज परीक्षाओं के बारे में 2018 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देना पूरी प्रक्रिया को लेकर संदेह बढ़ाने का काम करता है। यह बाद में दिया गया औचित्य परीक्षा प्रक्रिया में महत्वपूर्ण त्रुटियों या हेरफेर को छिपाने का एक प्रयास मात्र प्रतीत होता है। –20 से लेकर 720 तक के ग्रेस मार्क्स के आवंटन के पीछे का तर्क अस्पष्ट है। बिना किसी पूर्व सूचना के 1,600 उम्मीदवारों के लिए ग्रेस मार्क्स आवंटन को लेकर छज। की लापरवाही इसकी संदिग्ध मंशा को जाहिर करती है। इसके अलावा, सदस्यों की पहचान का खुुलासा किए बिना एक उच्च स्तरीय समिति का गठन निष्पक्षता और ईमानदारी के बारे में गंभीर प्रश्न खड़े करता है। एसआईओ के राष्ट्रीय सचिव अब्दुल्लाह फैज ने इस वर्ष सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए काफी कम योग्यता स्कोर पर बात की। उन्होंने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि ऐसी रिपोर्टें सामने आई हैं, जिनमें यह चौंकाने वाला बात है कि कई छात्रों को पूर्ण अंक मिले हैं और टॉप 67 विद्यार्थियों में से आठ विद्यार्थी हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र से हैं। एक ही केंद्र में टॉपर्स की यह असंगत मौजूदगी परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर संदेह पैदा करती है। इसके अलावा, उन्होंने पूरी प्रक्रिया के दौरान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी जोर दिया। हाल ही में परिणाम जारी होने के बाद एक छात्रा की आत्महत्या ने अभ्यर्थियों की पीड़ा को और भी दुखद रूप से उजागर किया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि एसआईओ प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों के साथ एकजुटता में खड़ी है क्योंकि वे न्याय और इन महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान चाहते हैं।




## लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद संसद का पहला सत्र 18 या 19 जून से शुरू होगा

***सोमवार को सूत्रों ने बताया कि संसद का पहला सत्र 18 या 19 जून से शुरू होगा। यह घटनाक्रम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक सरकार बनाने के कुछ घंटों बाद हुआ है।***



नई दिल्ली10 जून (एजेंसी)सोमवार को सूत्रों ने बताया कि संसद का पहला सत्र 18 या 19 जून से शुरू होगा। यह घटनाक्रम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक सरकार बनाने के कुछ घंटों बाद हुआ है। उन्होंने बताया कि पहला सत्र नवनिर्वाचित सांसदों (एमपीएस) द्वारा शपथ ग्रहण के साथ शुरू होगा। सांसद लोकसभा के लिए नए अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। उन्होंने बताया कि सत्र छोटा होने की संभावना है, शायद कुछ दिनों के लिए।इससे पहले, नरेंद्र मोदी ने रविवार को रिकॉर्ड–बराबर तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, जिसमें 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व किया गया, जिसमें निरंतरता, युवा और अनुभव पर जोर दिया गया, साथ ही भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में सहयोगियों को पुरस्कृत भी किया गया।मोदी के साथ, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने राष्ट्रपति भवन में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जो मोदी 2.0 कैबिनेट में सभी मंत्री हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी और 30 कैबिनेट मंत्रियों, पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों और 36 राज्य मंत्रियों को गोपनीयता और पद की शपथ दिलाई। नए मंत्रियों के विभागों की घोषणा आज देर रात तक होनी थी।राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में 155 मिनट तक चले शपथ ग्रहण समारोह में बिगुल, औपचारिक गार्ड, फूल और भव्य तमाशा के सभी सामान थे। शाम 7.15 बजे शुरू हुए भव्य समारोह में सभी क्षेत्रों से लगभग 9,000 लोगों के मौजूद होने का अनुमान है। शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, ष्मंत्रियों की यह टीम युवा और अनुभव का एक बेहतरीन मिश्रण हैय हम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।ष उन्होंने कहा, ष्मैं 140 करोड़ भारतीयों की सेवा करने और भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मंत्रिपरिषद के साथ काम करने के लिए तत्पर हूं।ष

इसमें 33 नए सदस्य शामिल हैं जिनमें से छह जाने–माने राजनीतिक परिवारों से हैं। इनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री – शिवराज सिंह चौहान (मध्य प्रदेश), मनोहर लाल खट्टर (हरियाणा) और एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक) शामिल हैं। नए चेहरों में अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी भी शामिल हैं जिन्होंने केरल से भाजपा के पहले लोकसभा सांसद बनकर इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री सहित मोदी मंत्रिमंडल की ताकत 81 की अधिकतम सीमा के मुकाबले 72 है।

## BJP IT सेल हेड अमित मालवीय पर आरएसएस सदस्य ने लगाए यौन शोषण के आरोप



नई दिल्ली 10 जून (एजेंसी)कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को आरएसएस सदस्य द्वारा उनके खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल प्रमुख के पद से अमित मालवीय को तत्काल हटाने की मांग की है। सुप्रिया श्रीनेत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आरएसएस सदस्य शांतनु सिन्हा कथित तौर पर भाजपा नेता राहुल सिन्हा से संबंधित हैं। उनकी तरफ से मालवीय पर महिलाओं के यौन शोषण सहित ष्नापाक गतिविधियोंष में शामिल होने का आरोप लगाया है।बीजेपी नेता राहुल सिन्हा से जुड़े आरएसएस सदस्य शांतनु सिन्हा ने कहा है कि बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय नापाक गतिविधियों में लिप्त हैं। वह महिलाओं के यौन शोषण में लिप्त है। सिर्फ 5–स्टार होटलों में नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यालयों में। श्रीनेत ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एकमात्र चीज जो हम भाजपा से चाहते हैं वह महिलाओं के लिए न्याय है। वास्तविकता यह है कि पीएम मोदी के शपथ लेने के 24 घंटे से भी कम समय बाद भाजपा के एक बहुत ही प्रमुख पदाधिकारी उसके आईटी सेल के प्रमुख के खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस नेता ने निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए मालवीय को उनके प्रभावशाली पद से तत्काल हटाने की मांग की।अमित मालवीय ने शनिवार को शांतनु सिन्हा को कानूनी नोटिस भेजकर झूठे और अपमानजनक पोस्ट को हटाने और बिना शर्त माफी मांगनेष के लिए कहा। इस नोटिस में लिखा है कि आरोपों की प्रकृति बेहद आपत्तिजनक है, क्योंकि वे मेरे मुवक्किल द्वारा कथित तौर पर किए गए यौन दुराचार का झूठा आरोप लगाते हैं। यह मेरे मुवक्किल की गरिमा और प्रतिष्ठा के लिए घातक है, जो अपने पेशेवर प्रोफाइल के आधार पर एक सार्वजनिक व्यक्ति हैं।

## सुबेन्दु अधिकारी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा बंगाल में बीजेपी के लिए बना आत्मघाती फैसला

***भारतीय जनता पार्टी की उम्मीद के विपरीत पश्चिम बंगाल में आए रिजल्ट पर सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि 400 सीट न जीतने पर पार्टी के लोगों को निश्चित रूप से मंथन करना चाहिए। इसके अलावा विपक्ष द्वारा अल्पसंख्यकों को इकट्ठा करना और भाजपा के नेताओं का अहंकार भी पार्टी की जीत में बड़ी बाधा बना है।***



10 जून (एजेंसी)पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीद के विपरीत आए रिजल्ट पर सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि 400 सीट न जीतने पर पार्टी के लोगों को निश्चित रूप से मंथन करना चाहिए। इसके अलावा विपक्ष द्वारा अल्पसंख्यकों को इकट्ठा करना और भाजपा के नेताओं का अहंकार भी पार्टी की जीत में बड़ी बाधा बना है। उन्होंने अग्निवीर और एनआरसी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार को इस प्रकार के कानून और योजनाओं को लेकर निश्चित रूप से पुनर्विचार करने की जरूरत है।सामाजिक कार्यकर्ता ने पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष को लेकर कहा कि बीजेपी को बंगाल में खड़ा करने का श्रेय उन्हीं को जाता है। लेकिन इस चुनाव में घोष को नजर अंदाज कर सुबेंदु अधिकारी पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अधिक भरोसा जताया। जिसको लेकर पार्टी के कई पुराने कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया था। साथ ही अचानक से पार्टी के शीर्ष नेताओं का टिकट बदलना भी हार का प्रमुख कारण बना।कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर उन्होंने बताया कि वे राजनीति के लिए नहीं बने हैं लेकिन फिर भी पार्टी उनसे जबरदस्ती राजनीति करवा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की चुनाव में योजना मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने की रही है। पार्टी देश का भविष्य बनाने का विचार नहीं करती। जबकि उसके उलट बीजेपी ने हमेशा देश की अर्थव्यवस्था और विकास को गति करने के वादे किए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता ने दावा किया कि बीजेपी पिछली बार की तरह इस बार कड़े फैसले लेने में संकोच करेगी। क्योंकि अबकी बार बीजेपी की नहीं बल्कि एनडीए की सरकार बनी है।

# एक्शन में फिर योगी सरकार, कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए अवैध कालोनियों पर की बुलडोजर की कार्रवाई




लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अवैध ा रूप से बनायी गयी श्अकबर नगरश कॉलोनी के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तेज कर दी गयी है। कुकरैल नदी के पास बसाए गए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई का नया चरण सोमवार से शुरू कर दिया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2012 से 2017 के बीच भूमाफिया ने तत्कालीन शासन के साथ सांठगांठ कर पर्यावरण संरक्षण के मानकों को दरकिनार करते हुए कुकरैल नदी के इर्दगिर्द बहुमंजिला इमारतें एवं शोरूम बना दिये थे। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा उन्होंने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध कॉलोनियां भी बसा दी थीं, जबकि इस क्षेत्र में रिहायशी एवं व्यवसायिक निर्माण नहीं हो सकता। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर नवंबर 2023 में कुकरैल नदी के आसपास बसे अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के 1,068 अवैध आवासीय और 101 व्यावसायिक निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। प्रवक्ता ने बताया कि इसी के तहत सरकार ने अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई का नया चरण सोमवार से शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार की कार्रवाई को भूमाफिया व करोड़पति कब्जेदारों ने उच्चतम न्यायालय तक में चुनौती दी थी। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार भूमाफिया के शिकार हुए अकबरनगर के गरीब निवासियों के साथ लगातार मजबूती से खड़ी है, अवैध निर्माण को हटाने से पहले अधिकारियों ने हर गरीब परिवार से संवाद किया था। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी गरीब परिवार का पुनर्वास कराते हुए करीब दो हजार लोगों को प्रध ाानमंत्री आवास योजना के तहत मकान आवंटित किये गये हैं।

# पत्नी की गला घोंटकर हत्या,शराब पीकर रोजाना मारपीट करता था पति




लखनऊ,संवाददाता। राजधानी लखनऊ में पति ने ही अपनी पत्नी का गला घोंटकर हत्या कर दी है। आरोपी पति को शराब की लत है। वह रोजाना शराब पीता था और घर आकर पत्नी से लड़ाई करता था। रविवार की रात भी वह शराब के नशे में धुत घर पहुंचा और पत्नी से झगड़ा हो गया। इसी दौरान उसने पत्नी का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना ठाकुरगंज थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, ठाकुरगंज क्षेत्र के हरिनगर में रहने वाला शकील अहमद पुत्र बशीर अहमद प्लाटिंग का काम करता है। शराब पीने की वजह से वह रोजाना पत्नी रेशमा को मारता—पीटता था। भांजे चांद बाबू ने बताया कि मामा—मामी के बीच अक्सर झगड़ा होता था। रविवार को दोनों के बीच विवाद काफी बढ़ गया। रात करीब 1 बजे सूचना मिली कि लड़ाई हो रही है। जब हम वहां पहुंचे तो मामी बेसुध ा पड़ी थी। हम सब उनको लेकर बालागंज के प्राइवेट अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने एडमिट करने से मना कर दिया। फिर उसे घर लाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस रेशमा को लेकर केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत महिला के 3 बच्चे हैं। तीनों के नाम मुस्कान (15), गुफरान (12) और अमीर (10) हैं। घटना के बाद से तीनों बहुत घबराए हुए हैं। वहीं मामले में शकील के भतीजे इकरार मोहम्मद उर्फ कल्लू ने बताया कि रात को उसका मामा आया और मामी रेशमा से मारपीट करने लगा। उसका किसी अन्य महिला से भी संबंध है, जिसकी वजह से रोजाना मारपीट करता था। रविवार को मारपीट के बाद उसके ऊपर बैठकर गला घोंट दिया। जिससे मामी की मौत हो गई। एसएचओ ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि आरोप पति शकील अहमद को हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सपा नेता आजम खान को कोर्ट से बड़ी राहत

लखनऊ,संवाददाता। डूंगरपुर बस्ती मामले के एक मुकदमे में आज आजम खान को रामपुर कोर्ट से मिली बड़ी राहत मिली है।एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान, फसाहत खान शानू, शाहजेब खान, बरकत अली ठेकेदार, ईमरान, इकराम, परवेज और फिरोज सभी को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। सपा नेता आजम खां समेत चार लोगों को साक्ष्य के अभाव में एमपी एमएलए कोर्ट ने बरी कर दिया हैं।सपा नेता फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। 2019 में डूंगरपुर मामले में 13 मुकदमें दर्ज हुए थे।आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्तीखाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। इस मामले में सपा नेता आजम खान, बरकत अली ठेकेदार, शाहजेब खान, फसाहत अली शानू, इमरान और इकराम के खिलाफ सुनवाई चल रही है। पिछली सुनवाई में दोनों पक्षों की तरफ से दलील पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# यूपी :लोकसभा चुनाव में अपार जन समर्थन मिलने पर धन्यवाद यात्रा 11 से 15 जून निकलेगी

लखनऊ। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिले अपार जन समर्थन के बाद केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार धन्यवाद यात्रा कार्यक्रम का आयोजन 11 जून से 15 जून 2024 के मध्य लखनऊ के सभी विधानसभा क्षेत्र में होना सुनिश्चित हुआ है. इस संदर्भ में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के कार्यालय पार्क रोड में किया गया. पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने कहा की लखनऊ कैंट विधानसभा में 13 जून 2024 लखनऊ उत्तर विधानसभा 14 जून 2024 एवं लखनऊ मध्य विधानसभा में 15 जून 2024 को धन्यवाद यात्रा का आयोजन किया जाएगा. धन्यवाद यात्रा के कार्यक्रमों में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेता भी सम्मिलित होंगे. लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी दक्षिणी क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम ने बताया की लखनऊ पूर्वी विधानसभा मैं 13 जून 2024 लखनऊ पश्चिम विधानसभा में 14 जून 2024 एवं लखनऊ सरोजनी नगर विध ाानसभा में 15 जून 2024 को धन्यवाद यात्रा का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पांडे जी ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में इस धन्यवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसी श्रृंखला में लखनऊ में भी धन्यवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. सभी कांग्रेस जन आम जनता के बीच जाकर अपार जन समर्थन देने का धन्यवाद देंगे और 2027 में विधानसभा चुनाव में भी जन समर्थन की अपील करेंगे. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरपर्सन श्री मनीष हिंदवी जी. कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित नितिन शर्मा जी. एडवोकेट आरबी सिंह संजय श्रीवास्तव अयूब सिद्दीकी रईस अहमद अमन यादव अजय वर्मा मोहम्मद इरशाद वीरेंद्र कुमार सुरेंद्र सक्सेना प्रणव त्रिपाठी सुशील मौर्य लुकमान सिद्दीकी नईम अहमद आदि पदाधिकारी गण उपस्थित हुए.

# रोगा से केंद्रीय मंत्री तक का सफर

## एसपी सिंह बघेल पुलिस की नौकरी और सियासत दोनों में सफल

लखनऊ,संवाददाता। केंद्रीय मंत्रिमंडल में कल रविवार को शपथ लेने वाले प्रो. एसपी सिंह बघेल पर मोदी सरकार ने दूसरी बार भरोसा जताया है। आगरा मंडल में केवल बघेल को मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है। वह आगरा से लगातार दूसरी बार निर्वाचित होकर संसद पहुंचे हैं। 1982—83 में एसपी सिंह बघेल समेत कुछ युवाओं की उत्तर प्रदेश में नौकरी लगी थी। उन्होंने मुरादाबाद में सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग ली। इसके बाद 31 दिसंबर 1983 को मुरादाबाद में पासिंग आउट परेड हुई। वहीं 16 जनवरी 1984 को बघेल को पहली तैनाती मेरठ में मिली। उन्हें सबसे वीआईपी थाना सिविल लाइन की जिम्मेदारी मिली थी। 1987 के दंगों की जांच की कमान भी बघेल को सौंपी गई। बताया गया कि जब उन्हें मेरठ से तीन महीने की स्पेशल ड्यूटी के लिए लखनऊ भेजा गया तो वहां उनकी ड्यूटी मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लगा दी गई। बस फिर यहीं से उनके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत हो गई।आगरा से भारतीय जनता पार्टी से दूसरी बाद जीत दर्ज करने वाले सांसद सत्यपाल सिंह बघेल यानी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में फिर जगह मिली है। मुलायम सिंह यादव से नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल तक का सफर पूरा किया है। केंद्रीय मंत्री बनने में उनका अनुभव काम आया। एसपी सिंह बघेल के राजनीतिक सफर की कहानी रोचक और दिलचस्प है। सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के भटपुरा के मूल निवासी हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर के रूप में तैनात रहे बघेल 1989 में मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी सुरक्षा में शामिल हो गए। बघेल से प्रभावित मुलायम सिंह यादव ने उनको जलेसर सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर 1998 में पहली बार उतारा था।एसपी सिंह बघेल ने अपने पहले ही चुनाव में जीत दर्ज की। उसके बाद दो बार सांसद चुने गए। 2010 में बसपा ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी भी दी। 2014 में फिरोजाबाद लोकसभा से सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव के सामने चुनाव लड़े, लेकिन चुनाव हार गए थे।2014 में मिली हार के बाद एसपी सिंह बघेल ने राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ली। इसके बाद भाजपा पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। विध ाानसभा चुनाव 2017 में टूंडला सुरक्षित सीट से भाजपा विधायक बने। इसके बाद उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टीम में शामिल किया गया। उन्होंने पशुधन, लघु सिंचाई एवं मत्स्य विभाग संभाला। 2017 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने आगरा लोकसभा क्षेत्र से उन्हें टिकट दिया। एसपी सिंह बघेल ने शानदार जीत दर्ज की और केंद्रीय कैबिनेट में राज्यमंत्री बनाए गए। 2024 के चुनाव में फिर से उन पर भरोसा जताते हुए भाजपा से टिकट मिला, जिसके बाद उन्होंने लगातार दूसरी बार आगरा से जीत दर्ज की।

# फन रिपब्लिक माल में शुरू हुआ फन का स्पोर्ट्स चौंपियन

## मनोरंजन के 15 दिन फन रिपब्लिक के संग

'लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ का सबसे पसंदीदा शॉपिंग गंतव्य फन रिपब्लिक मॉल इस गर्मी की छुट्टियों में लखनऊवासियों के लिए कुछ खास लेकर आया है जिससे शहरवासियों का पूर्ण मनोरंजन होगा। फन रिपब्लिक मॉल ने 9 जून से 23 जून तक युवाओं एवं बच्चों के लिए फन का स्पोर्ट्स चौंपियन नामक एक फन फिल्ड एक्टिविटी का आयोजन किया है। जिसका उद्घाटन प्रियंका शैली मिश्रा.पूर्व महिला क्रिकेट अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी..वर्तमान समय में यूपीसीए की सीनियर महिला चयन समिति की अध्यक्ष.और लखनऊ महिला विंग की अध्यक्ष ने किया। फन रिपब्लिक मॉल में 9 जून से 23 जून तक प्रतिदिन अलग अलग तरह की प्रतियोगिताएं, फन एक्टिविटीज, गेम्स, क्विज जैसे कई मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। 10 से 14 जून तक भारत के सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट का आयोजन होगा जिसमे स्कूल टीम, कॉलेज टीम, क्रिकेट क्लब्स प्रतिभाग कर रहे हैं। इसके बाद 15 से 19 जून के अंतराल में बास्केटबॉल और टेबल टेनिस का आयोजन किया जाएगा, 20 एवं 21 जून को क्रमशः जिम्नास्टिक, वेटलिफ्टिंग, योगा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन होगा और अंत में 22 जून को बच्चों के लिए आर्ट और क्राफ्ट से सम्बंधित वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा जिसके बाद 23 जून को प्रतियोगिताओं का समापन हो जायेगा। अधिक जानकारी आपको फन रिपब्लिक मॉल के इंस्टाग्राम पेज से मिल जाएगी जहां पर स्पोर्ट्स से संबंधित कॉन्टैक्ट भी चल रहे हैं। लखनऊ में पहली बार ऐसी स्पोर्ट्स चौंपियनशिप किसी मॉल में हो रही है जिसमें इतने सारे स्पोर्ट्स एक साथ खेले जा रहे हैं। फन रिपब्लिक मॉल की मार्केटिंग मैनेजर प्रीती पांडे ने इस खास मौके पर बताया कि फन का स्पोर्ट्स चौंपियन अपने आपमें एक अनोखा इवेंट है जहां पर लखनऊ के कोने कोने से आए खिलाड़ियों को मौका दिया जा रहा है जहां वो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। 15 दिन यानि 9 जून से 23 जून तक फन रिपब्लिक मॉल में प्रतिदिन गेम्स, क्विज, वर्कशॉप्स, मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है। अब बस लखनऊवाइट्स को फन रिपब्लिक मॉल आना है और मनोरंजन की चिंता छोड़ देनी है। स्पोर्ट्स की सभी श्रेणियों में जीतने वाले प्रथम विजेता को 5 हजार रुपए नकद दिए जाएंगे साथ ही ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। ग्राहक मॉल में शॉपिंग के साथ 15 दिन में अलग अलग स्पोर्ट्स खेलने का भी लुफ्त उठा सकेंगे। फन रिपब्लिक मॉल आगे भी समय समय पर लखनऊवासियों के लिए कुछ न कुछ नया लेकर आता रहेगा।




# एनडीए हुकूमत की प्राथमिकता में हैं किसान

## सबसे पहले पीएम मोदी ने जारी की किसान निधि की 17 वीं किश्त




लखनऊ,संवाददाता। एनडीए हुकूमत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में किसान हैं। तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने आज सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया , वह पीएम किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने से संबंधित है।अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। पीएम किसान की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा, हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षरित पहली फाइल किसान कल्याण से संबंधित है। हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहते हैं। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो—दो हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल मिलाकर 6,000 रुपये किसानों को दिए जाते हैं। इस योजना के तहत, हर चार महीने में एक बार पैसे हस्तांतरित किए जाते हैं। मोदी ने रविवार शाम लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

# नीट परिणाम को लेकर एबीवीपी ने लखनऊ यूनिवर्सिटी में किया प्रदर्शन

लखनऊ,संवाददाता। नीट (यूजी) के आए परिणाम को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुखर हो गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने लखनऊ विश्वविद्यालय गेट के बाहर प्रदर्शन शुरू किया है। परिणाम पर आपत्ति जताते हुए व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए है। संगठन का की मांग है कि परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई भी हो। संगठन के छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान जोरदार विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम में साफ—साफ दिख रहा है कि गड़बड़ी हुई है, उन्होंने कहा कि इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी से करवाई जाए।

# शादी के दो दिन बाद विवाहिता से ससुराल में दुष्कर्म की कोशिश, सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ,संवाददाता। शादी के दो दिन बाद ही विवाहिता से उसकी ससुराल में तीन लोगों ने ससुराल वालों की शह पर दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर पड़ोसी आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने छह महीने बाद सास—ससुर, पति और ननद समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला तालकटोरा थानाक्षेत्र का है। पीड़िता की शादी 24 नवंबर 2023 को हुई थी। आरोप है कि शादी के दो दिन बाद रात में वह कमरे में बैठी थी। इस दौरान पति, सास, ससुर और ननद तीन अज्ञात लोगों के साथ शराब पी रहे थे। नशे में धुत होने पर तीनों अज्ञात उसके कमरे में घुस कर छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर ससुरालवाले चुप रहने की धमकी देने लगे।

# साइबर सिक्योरिटी को और अधिक शक्तिशाली बनाया जाए -सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री

## इन्वेस्टर्स को यूपी में आकर्षित करने हेतु निरन्तर समन्वय बनायें

## जनपदों में कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर बनाये जाने हेतु योजना बनाएं

## ई-व्हीकल की चार्जिंग सिस्टम में अपट्रान की भागीदारी हेतु योजना बनाएं

लखनऊ (संवाददाता) रूसूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने आज सचिवालय मुख्य भवन के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक की। उक्त बैठक में विभागीय राज्यमंत्री श्री अजित सिंह पाल भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों और उनकी प्रगति के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को जनमानस के लिए उपयोगी बनाने के विचार को केंद्र में रखकर विभागीय योजनाओं को रोजगारपरक व कौशल दक्षता परक बनाया जाए। इसके लिए जनपदों में एक कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना किये जाने हेतु योजना बनाई जाए जिसमें बच्चों को विभिन्न कंप्यूटर कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जा सके और ट्रेनिंग के उपरांत उन्हें सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाए। इससे बच्चों में कौशल विकासध्दक्षता के साथ—साथ उन्हें रोजगार में भी सुविधा मिलेगी।साइबर सिक्योरिटी नीति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साइबर क्राइम एक जटिल समस्या बन गया है, जिस पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है इसके लिए साइबर सिक्योरिटी को और अधिक शक्तिशाली बनाए जाने



की आवश्यकता है। उन्होंने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में यूपी को आगे बढ़ाने के संबंध ा में चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए इन्वेस्टर्स के साथ नियमित रूप से समन्वय व संवाद स्थापित करते हुए उन्हें यूपी में इन्वेस्टमेंट के लिए प्रोत्साहित करें।

बैठक के दौरान मंत्री को विभाग की कार्यप्रणाली के अन्तर्गत विभागीय संस्थाओं—यूपीडेस्को, यूपीएलसी, सीईजी, श्रीट्रान इण्डिया, अपट्रान पॉवरट्रानिक्स आदि के माध्यम से विभागीय योजनाओं का संचालन किये जाने से अवगत कराते हुये वर्ष 2024—25 के विभागीय बजट के प्राविधानों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए विभागीय मंत्री द्वारा निर्देश दिये गये कि माह जून, 2024 के अन्त तक सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कुल रू 891 करोड़ के बजटीय प्राविधान के सापेक्ष 25 प्रतिशत की वित्तीय स्वीकृतियाँ प्राथमिकता के आधार पर जारी करा ली जायें। बैठक में सरकार की प्राथमिकताओं वाले कार्यों की समीक्षा करते हुये ई—ऑफिस प्रणाली को प्रदेश के सभी विभागों एवं जनपदों में समयबद्ध तरीके से लागू किये जाने तथा आईटी के क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने के लिये विभाग द्वारा स्पष्ट कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश दिये गये। उनके स्तर से ऐसे निवेशक जिनके द्वारा प्रदेश सरकार के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किये गये हैं से सम्पर्क कर उनकी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिये समुचित प्रयास किये जाने की अपेक्षा की गयी। साथ ही अन्य सम्भावित निवेशकों को प्रदेश में आकर्षित करने के लिये भी पृथक से प्रयास करने का सुझाव दिया गया।

विभागीय मंत्री द्वारा प्रदेश में स्थापित एवं संचालित इन्क्यूबेटर्स की स्थिति से अवगत होते हुये अपेक्षा की गयी कि इन्क्यूबेटर्स के प्रदर्शन के आध ाार पर उनको श्रेणीबद्ध किया जाये। साथ ही प्रदेश में स्टार्टअप्स के माध्यम से कितने रोजगार सृजित हुये, उनका भी आंकलन किये जाने की अपेक्षा की गयी। प्रदेश के युवाओं को वितरित किये गये टेबलेट एवं स्मार्टफोन का छात्र—छात्राओं द्वारा उपयोग किये जाने के सम्बन्ध में सर्वेक्षण कर स्थिति ज्ञात करने का परामर्श दिया गया। मंत्री द्वारा प्रदेश के जनपदों में युवाओं के लिये प्रशिक्षण केन्द्रों की उचित व्यवस्था बनाये जाने पर बल दिया गया ताकि युवाओं को रोजगारपरक पाठ्यक्रम उपलब्ध हो सके। विभागीय मंत्री द्वारा आज के परिवेश में साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स की चुनौतियों से निबटने के लिये आईटी विभाग द्वारा गृह विभाग के सहयोग से नीति निर्धारण की कार्यवाही किये जाने का भी सुझाव दिया गया।

# सिंचाई विभाग में रिक्त 6404 ट्यूबवेल आपरेटर समेत 14 हजार पदों को तत्काल भरने के लिए आवाज उठाई

लखनऊ,10 जून 2024 (यूएनएस)। लखनऊ पहुंचे आईटीआई संवर्ग के युवाओं ने सिंचाई विभाग में रिक्त 6404 ट्यूबवेल आपरेटर समेत 14 हजार पदों को तत्काल विज्ञापित करने को लेकर आवाज बुलंद की। युवा मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल की अगुवाई में मुख्यमंत्री ओएसडी, प्रमुख अभियंता (यांत्रिक) सिंचाई व सचिव अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से मुलाकात कर सिंचाई विभाग में ट्यूबवेल आपरेटर के 6404 रिक्त पदों को तत्काल भरने का मुद्दा उठाया। चेतन कुमार माहेश्वरी प्रमुख अभियंता (यांत्रिक) सिंचाई विभाग ने कहा कि इस सवाल को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर हैं और सभी रिक्त पदों का ब्यौरा मांगा गया है जिसे विभाग से अतिशीघ्र भेजा जाएगा। जनता दरबार में मुख्यमंत्री के ओएसडी ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का निराकरण जल्द होगा। इस मौके पर युवा मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल ने कहा कि तकनीकी संवर्ग में एक लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं, प्रयागराज से लेकर लखनऊ तक इसे लेकर आवाज उठाई गई लेकिन सरकार ने अनसुना कर दिया। आगे कहा कि जब लोक सभा चुनाव में बेरोजगारी का सवाल मुद्दा बना जिससे भाजपा को उत्तर प्रदेश में राजनीतिक कीमत अदा करनी पड़ी, तब सरकार ने एक बार फिर सभी रिक्त पदों को भरने की घोषणा की है। क्योंकि पहले भी ऐसी घोषणाएं की गई हैं। इसलिए प्रदेश का युवा चाहता है कि सरकार ठोस तौर पर घोषित करे कि कितने दिनों में इन सभी रिक्त पदों को विज्ञापित किया जाएगा और लंबित भर्तियों को कितने दिनों में पूरा किया जाएगा।



# सक्षिप्त खबरें.......

## मुख्यमंती अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क दी जाएगी कोचिंग

मऊ(एजेंसी)। जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद मऊ में समस्त वर्गों के प्रतिभाशाली एवं उत्साही छात्रध्छात्राओं को यूपीएससी, यूपीपीएससी, यूपीएसएसएससी, नीट तथा अन्य कोर्सों में नि:शुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है। उन्होंने ने यह भी बताया कि जनपद के ऐसे छात्र जो प्रतियोगी परीक्षाओं में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हों वे अपना डाक्यूमेण्टध्शैक्षणिक अभिलेख जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय मऊ अथवा राजकीय बालिका इण्टर कालेज मऊ में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग संस्थान में 15 जून तक जमा कर दें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग संस्थान जनपद मऊ से पिछली कक्षाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किये छात्र जो वर्ष 2024 के नीट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों रूकैया साकिब, शीतल गुप्ता, शत्रुघ्न शर्मा एवं अमरनाथ भारती को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अधिरोहण परिवार ने की नेक पहल, जरूरतमंदो में बाटे घड़े



मऊ(एजेंसी)। इस चिलचिलाती धूप लू गर्मी में जहां पूरे घर को एयर टाइट कर के हम सब घर में रह रहे ऐसे में कुछ लोग ऐसे भी है जो इस मौसम में भी अपनी आजिविका चलाने के लिए मौसम की परवाह न करते हुए अपना काम करते रहते। ऐसे में अधिरोहण परिवार ने एक कदम बढ़ाते हुए एक नेक पहल की। ऐसे तमाम उन लोगों को मिट्टी का घड़ा दिया जो अपनी प्यास बुझाने के लिए बोतल मे रखकर गर्म पानी पीते थे। इससे इस तपती गर्मी से शायद कुछ राहत मिल पाए। समाज सेवी ज्योति सिंह के साथ सहयोगी शारदा त्रिपाठी आदि लोग रहे।

## लोकतंत्र रक्षक सेनानी को श्रद्धांजलि देने पहुचे बृजभूषण शरण सिंह



दोहरीघाट, मऊ(एजेंसी)। रविवार दोहरीघाट क्षेत्र के धनौली रामपुर गांव में भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह गोरखपुर विश्वविद्यालय में छात्र नेता रहे लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय जितेंद्र राय के तेरही पर उड़न खटोला से उनके गांव धनौली रामपुर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके परिजनों पुत्र प्रतीक राय से मिलकर उन्हें सांत्वना दिए। इस दौरान उन्होंने गांव और परिवार के लोगों के बीच जितेंद्र राय से अपने व्यक्तिगत संबंधों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जितेंद्र राय 1973 के दौर में गोरखपुर विश्वविद्यालय के संघर्ष शील छात्र नेता थे वह बहुत ही मृदभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे देश में इमरजेंसी के दौरान वह संघर्ष करते हुए महीनो जेल में बंद रहे। उनके आकस्मिक निधन से समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है। इस अवसर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय, लोकतंत्र रक्षक सेनानी हरिश्चंद्र पांडे, गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह, छेदी यादव, शंभू सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, भगवान दास निषाद, सुधीर लाल श्रीवास्तव, अभय बरनवाल, सुरेंद्र गुप्ता, शिवानंद राय आदि लोग रहे।

# बारा, देवलास व गुरादरी में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती



मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ(एजेंसी)। स्थानीय तहसील के बारा, देवलास व गुरादरी में रविवार को विक्रमी तिथि अनुसार महाराणा प्रताप की जयंती कृतज्ञ भाव से मनाई गई। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों ने उनकी प्रतिमा पर पूजन, अर्चन, माल्यार्पण, पुष्पार्चन कर भावपूर्ण नमन निवेदित किया एवं उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली। मठ गुरादरी पर पौधरोपण कर उनकी सख्शियत पर प्रकाश डाला गया। ग्रामसभा बारा में स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर युवा समाजसेवी राघवेंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया व पूर्व ग्रामप्रधान बारा सुनील सिंह के नेतृत्व में जुटे लोंगो ने हर्षोल्लास पूर्वक राणा साहब की जयंती मनाई। इस मौके पर सनोज सिंह, पंकज सिंह, धनंजय सिंह, दिव्यांशु सिंह, प्रियम सिंह लकी, पार्थ, किशन, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे। ब्लॉक क्षेत्र की सुप्रसिद्ध धार्मिक व सामाजिक स्थली देवलास स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा व स्मारक स्थल पर दर्जनों क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों का जमावड़ा रहा। 56 गाँवों से बने देवलास सिसोदिया संघ के अध्यक्ष व सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी आर.पी. सिंह व महामंत्री भीष्मदेव सिंह के नेतृत्व में लोंगो ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पवर्षा की। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सचिव भीष्मदेव सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे देश के वीर शिरोमणि व महान सेनानी हैं। देवलास के इस समारोह का मंच संचालन जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी उमाशंकर सिंह दाढ़ी ने किया। तहसील क्षेत्र के करहाँ बाजार के पास स्थित बाबा घनश्याम दास गुरादरी मठ पर बयालिस बेरूवार बिरादरी के सम्मानित वरिष्ठ प्रतिनिधि नागेन्द्र सिंह की अगुवाई में जुटे लोंगो ने महाराणा प्रताप के चित्र पर फूल–माला अर्पित कर उनकी जीवनी पर चर्चा की तथा पौधारोपण किया। नागेन्द्र सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप सर्वसमाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर सबने मिलकर नरायना फाउंडेशन एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के संचालक विकास नरायन चौहान के नेतृत्व में मठ प्रांगण व पवित्र गंगा सरोवर के किनारे पौधरोपण किया। इस मौके पर शशांक नरायन चौहान, चंद्रिका सिंह, नरायन चौहान, संदीप सिंह, अमित विश्वकर्मा, दिवाकर सिंह, राजू यादव, अमित चौहान, बुच्ची सिंह, अजय यादव रिंकू, गोविंद चौहान, पारस मणि, अमन विश्वकर्मा, पुजारी रामदास, आकाश चौहान, सचिन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## कुर्बानी के समय न करें वीडियो रिकार्डिग वायरल: प्रफुल्ल यादव

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी (एजेंसी)। कोतवाली बदोसराय मेंथानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बकरीद पर्व के अवसर पर शांति और सौहार्द बनाए रखने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर लोगो से 17 जून को बकरीद का त्योहार विगत वर्षोंकी भांति शांति पूर्वक मनाने की अपील की गई। त्योहार में बिघ्न डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहीं भी साफ–सफाई, बिजली या पानी की समस्या हो बताएं। उस समस्या का निस्तारण उस विभाग के अधिकारियों से कराया जाएगा।

# अमृतांश बने लेफ्टिनेंट, खुशी की लहर



इंदारा, मऊ(एजेंसी)। अमृतांश सिंह के भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर उनके ननिहाल इन्दारा गांव में खुुशी का आलम है। जैसे ही लोगों को जानकारी हुई कि अमृतांश सिंह सेना में बड़ा अफसर बन गए है तो आस पास के इनके शुभ चिंतको द्वारा शुभकामनायें देने वालों का जमावड़ा लग गया। भारतीय थल सेना गया में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद अमृतांश सिंह को लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त किया गया। विदित हो कि कोपागंज ब्लाक क्षेत्र के इंदारा गांव निवासी पूर्व चकबंदी अधिकारी स्व सच्चितानन्द के पुत्री डॉ शारदा सिंह का विवाह वाराणसी के अस्सी मुहल्ले के डुमराव बाग निवासी दिनेश सिंह के साथ हुई थी। दिनेश सिंह वित्तीय सलाहकार के पद पर तैनात है तो डॉ शारदा सिंह एक प्ले ग्रुप स्कूल की संचालिका हैं और इतना ही अमृतांश के दादा लक्ष्मीनारायण सिंह पशुधन प्रसार अधिकारी रह चुके हैं। अमृतांश के मामा शिवशंकर सिंह चकबंदी विभाग में अधिकारी हैं।ननिहाल और घर में शिक्षा का स्तर उच्च कोटि का रहा जिसका इन्हे भर पूर लाभ भी मिला।अमृतांश दो भाई व एक बहन में सबसे बड़े है। अमृतांश की प्रारम्भिक शिक्षा वाराणसी के सेंट जान से हुई तथा इंटर इन्होने लखनऊ के सीएमएस स्कूल हुई। बचपन से पढ़ाई में होनहार अमृतांश का सपना सेना में जाकर देश सेवा की रही हैं। उन्होंने अपने कठिन परिश्रम से इतनी बड़ी परीक्षा को पास कर यह सिद्ध कर दिया कि यदि मनुष्य ठान ले तो बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकता हैं। अमृतांस सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि भोले नाथ की कृपा से राष्ट सेवा करने का जो अवसर मिला है जिससे देश को कभी भी झुकने नही दूंगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सुनील सिंह, विजय बहादुर सिंह, हरिनारायण सिंह, धनंजय सिंह, अरविंद सिंह, अखिलेश सिंह, राजेन्द्र सिंह सहित बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंती बनने पर व्यापारियों ने किया खुशी का इजहार

मऊ(एजेंसी)। नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की




शपथ लेने पर देश, प्रदेश एवं मऊ जनपद के व्यापारियों में अत्यंत खुशी का माहौल है। नगर क्षेत्र के सिंधी कॉलोनी में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गोपाल कृष्ण बरनवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने शहीद स्थल पर पहुंचकर शहीदों को नमन करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भरत लाल राही ने प्रातः 8 बजे सादर चौक पर सैकड़ो लोगो को मिष्ठान वितरित किया। इसी क्रम में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक अखिलेश मद्धेशिया ने कहा कि एनडीए के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सरकार बनाकर सिद्ध किया कि वो देश के ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लोकप्रिय नेता है। इस अवसर पर रवि क्षितिजा, अखिलेश मद्धेशिया, कमलेश चौरसिया (जिला अध्यक्ष वैश्य समाज), फ्रूटी बरनवाल, युवा महामंत्री व्यापार मंडल जयंत बरनवाल, राम नौमी प्रजापति, राजू बरनवाल, बिट्टू सोनकर, गुड्डू सिंह, विवेक बरनवाल, रघु चौहान, बैजनाथ कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# बेलगाम-भ्रष्ट अफसरशाही व सरकारी व्यवस्थाओं के खिलाफ फिर आंदोलित हुई भाकियू

## भाकियू ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन



बाराबंकी (एजेंसी)। बेलगाम हो रही सरकारी व्यवस्थाओं में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक बिना सुविधा शुल्क काम कराना मुश्किल होता जा रहा है। जहां अधिकारी की जगह उनके मातहत उनकी ड्यूटी निभा रहे हैं वहीं किसानों की समस्याओं का थाना स्तर पर निराकरण की जगह से उनका उत्पीड़न व वसूली की शिकायतें दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही हैं। जिसको लेकर अन्नदाता भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक व भाकियू अम्बावत ने संयुक्त रूप से कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपकर समस्याओ के निस्तारण की मांग की। कार्रवाई न होने पर पुनः ज्ञापन देते हुए 20 जून तक का अल्टीमेटम लिला प्रशासन को दिया है। जिसमें कृषि विभाग सहित ब्लॉक कार्यालयों पर भाकियू संगठन को किसी तरह की कोई सुविधा न मिलना, किसानों की जगह बीज–खाद सहित अन्य कृषि यन्त्र संबंधी महत्वपूर्ण वस्तुएं अपने चहेता में वितरित कर देना, मोहम्मदपुर खाला थाने में भाकियू नेता रामराज गौतम पुत्र मयाराम की लिखित शिकायत को दर्ज करने की जगह थाने से अपमान कर भगा देना टेकेदार वा उनके साथ अन्य पार्टनर के द्वारा प्रार्थी से साइड का सारा काम करा लेने के बाद प्रार्थी के द्वारा हिसाब मागने पर प्रार्थी के द्वारा लाई गई किराए की मिक्ससाल मसीन को अपने साथी से सांठगांठ करके गायब कर प्रार्थी को बंधक बनाकर जबरन मारना पीटना और इसी तरह की शिकायतें जनपद के अन्य थानों से भी सामने आने पर, एआरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू द्वारा चलाई गई लम्बी मुहिम में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद न तो संबधित बाबूओं पर कोई कार्रवाई हुई और न ही भ्रष्टाचार पर रोक लगने सरीखी कोई पहल सामने न आना, जिन लोगों को ।त्ज्व् विपबम से पकड़ कर नगर कोतवाली बाराबंकी में नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई वही सारे लोग ।त्ज्व् विपबम में सांठगांठ करके ऑफिस में बाबुओं की कुर्सी पर बैठकर बाहर चल रहे जनसेवा केंद्रों से फाइलों को लाकर अवैध वसूली कर बाबुओं से पास कराने का कार्य किया जा रहा है जिला चिकित्सालय से लेकर सीएचसी–पीएचसी में भारी भ्रष्टाचार व मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार आदि तमाम बातों को लेकर एक बार फिर से आंदोलित हुई भाकियू अम्बावत के जिलाध्यक्ष लवकुश यादव, जिला महामंत्री अमित सोनी जिलावरिष्ठ उपाध्यक्ष शेट्टी चौधरी के नेतृत्व में तमाम किसानों ने शुक्रवार को गन्ना संस्थान मे बैठक कर डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अल्टीमेटम दिया है कि अगर आगामी 20 जून 2024 तक किसानों की समस्याओं पर संज्ञान लेकर उनका निस्तारण नहीं किया गया तो भाकियू 20 जून को महापंचायत कर तमाम किसानों के साथ पदयात्रा कर राजधानी लखनऊ पहुंचकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर उन्हें किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओ के निराकरण व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने को बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर अन्नदाता भाकियू (अ.) जिलाध्यक्ष लालजी यादव, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता देवी, भाकियू अम्बावत लवकुश यादव, जिला महामंत्री अमित सोनी, फूल चन्द, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेट्टीचौधरी जिलाअध्यक्ष महिला रामवती रामराज गौतम आदि तमाम किसान नेता मौजूद रहे।

## गरीबों को भोजन कराना सबसे पुनीत कार्य: आलोक तिवारी



हैदरगढ़ बाराबंकी (एजेंसी)। बेजुबान पषुओं और पक्षियों के साथ में गरीबों को भोजन कराने से जो पुण्य मिलता है उसका कोई हिसाब किताब नही है। गरीबों की सेवा करने से भगवान खुष होते हैं हर इंसान को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा गरीबों को निस्वार्थ रुप से भोजन करायें और उनकी सेवा करें। उक्त बात ग्राम पंचायत रहमतगढ़ में आयोजित भण्डारे के दौरान प्रसाद वितरित करते हुए नगर पंचायत हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी ने कही। श्री तिवारी ने आगे कहा कि ईष्वर के प्रति लोगों की आस्था बहुत ज्यादा बढ़ गयी है। बड़ा मंगल हो, षिवरात्रि हो या फिर सावन का पवित्र महीना हो सभी में भगवान में आस्था रखने वाले भक्तों द्वारा जगह जगह भण्डारा करके भगवान का गुणगान किया जाता है। जो भी व्यक्ति भण्डारे का प्रसाद खाता है ऊपर वाले की कृपा से उसकी बीमारी नही आती है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि केन्द्र व प्रदेष सरकार ने विकास कार्यों के साथ साथ सैकड़ो मंदिरो का जीर्णोद्वार कराया है। जो हिन्दू धर्म के आस्था के प्रतीक हैं। इससे पूर्व पत्रकार प्रियांषु तिवारी द्वारा आयोजित भण्डारे में सबसे पहले सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ और उसके बाद भण्डारे का प्रसाद वितरित किया गया। इसमें मुख्य रुप से विनोद तिवारी, अनुराग तिवारी, रामजी तिवारी के साथ में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

जयंती माता मंदिर पर भण्डारा कल

हैदरगढ़ बाराबंकी। बाल समिति रनापुर हैदरगढ़ के द्वारा जयन्ती माता मन्दिर रनापुर में सोमवार को अखण्ड रामायण का पाठ किया जाएगा अखण्ड रामायण पाठ के उपरांत आगामी 11 जून को विशाल खीर प्रसाद का भण्डारा दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। उक्त जानकारी बाल समिति रनापुर के पदाधिकारी रामेंन्द्र तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# कुआ से शव निकालते पुलिस व दमकल कर्मी व मौजूद ग्रामीण।



राजापुर (चित्रकूट)(एजेंसी)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान में दो सगी बहनें परिजनों की डांट फटकार से नाराज होकर घर से कुछ ही दूरी पर बीती रात कुएं में छलांग लगा दिया। जिससे दोनो की मौत हो गई है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस व ग्रामीणों की मदद से मशक्कत के बाद कुएं से शवों को बाहर निकाला गया। पँचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।

ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान निवासी ज्ञान सिंह पुत्र शिवपूजन सिंह की पुत्री सोमवती (23) व अनामिका उर्फ खुशबू (18) शनिवार की सुबह करीब चार बजे घर से अचानक गायब हो गईं। सुबह जब परिजन जागे तो दोनों के घर पर न होने से खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारियों में भी पूंछतांछ किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। देर रात बड़े भाई दीपक सिंह ने राजापुर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार की सुबह करीब 10 बजे कुछ लोगों ने गाँव के कुएं में लाश को देखा तो पूरे गाँव मे हड़कम्प मच गया। ग्रामीण एकत्रित हो गए और परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय, क्राइम इंस्पेक्टर राजापुर विनोद कुमार, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्यामप्रताप पटेल, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी, क्राइम इंस्पेक्टर सरधुआ अंजनी कुमार सिंह आदि भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। फायर सर्विस के जवान ने कई घंटे की मशक्कत के बाद कुंए से शव को बाहर निकाला। सोमवती का शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आशंका की गई कि दूसरी बहन की लाश भी यहीं हो सकती है। पुलिस बराबर प्रयास करती रही और करीब एक घण्टे बाद गोताखोरों द्वारा कुएँ में डाले गए काँटे में अनामिका उर्फ खुशबू की लाश फंस गई। दोनों बहनों की लाश कुएं से बाहर निकलते ही परिजन दहाड़े मारकर रों रहे थे। भाई दीपक सिंह ने बताया कि गाँव में अजय सिंह के यहाँ रामायण हो रही थी और वहाँ से शनिवार की सुबह करीब तीन बजे घर वापस आया तो देखा कि दोनों बहनें जाग रही थीं और वह उन्हें डांट फटकार लगाते हुए सोने के लिए कहा। खुद भी सोने चला गया। सुबह जब नींद खुली तो देखा कि दोनों बहनें घर पर नहीं हैं।

## बुखार से महिला की मौत, आठ मरीज भर्ती

चित्रकूट(एजेंसी)। गर्मी के चलते जिला अस्पताल में बुखार, पेटदर्द व डायरिया से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। रविवार को बुखार के चलते एक महिला की मौत हो गई। आठ अन्य मरीज भर्ती हुए।

कानपुर जिले के मंगलपुर के गोसांई पुरवा निवासी रामप्रताप ने बताया कि उसकी पत्नी नथिया (25) एक पखवाड़े से बीमार थी। जिसके चलते उसे मायके चित्रकूट जिला के अहिरनपुरवा शुक्रवार को छोड़ गया था। रविवार की सुबह तेज बुखार आने के चलते परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजन शव अंतिम संस्कार करने के लिए अपने साथ ले गए। इसके अलावा कहेटा माफी निवासी गीता (35), मुस्लिम पुरवा निवासी जुबैदा बेगम (65), मानिकपुर निवासी राकेश का पांच वर्षीय पुत्री आर्यन, सिद्धपुर निवासी पूजा (34), चुनहा पुरवा निवासी मनीष की पुत्री जान्हवी, बल्दाऊगंज निवासी ओमप्रकाश (27), दुबारी निवासी अंकुश (22), सपहा निवासी रामस्वरूप के पुत्र मयंक को उल्टी दस्त व बुखार के चलते भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल के सभी वार्ड मरीजों से भरे हैं।

## 11 वारंटी व एक वांछित गिरफ्तार

चित्रकूट(एजेंसी)। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित, वारंटी की गिरफ्तारी को चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अलग–अलग थानों की पुलिस ने 11 वारंटी व एक वांछित को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के एसआई श्यामदेव सिंह ने टीम के साथ वारंटी सुनील पुत्र सुकरू, छोटा पुत्र महावेद रैकवार, पप्पू पुत्र मुन्ना रैकवार, कामता पुत्र महादेव रैकवार निवासीगण शंकर बाजार, रैपुरा थाना के एसआई दिनेश कुमार पांड्येय ने टीम के साथ वारंटी धर्मेंद्र गुप्ता पुत्र चुन्नू गुप्ता निवासी भौंरी हाल पता ग्राम बसिला, बहिलपुरवा थाना के एसआई जनार्दन प्रताप सिंह ने टीम के साथ वारंटी रवि पुत्र बृजलाल निवासी चुनकावन का पुरवा मजरा कर्का पडरिया, सरधुवा थाना के एसआई चन्द्रमणि पांड्येय ने टीम के साथ वारंटी सिकन्दर पुत्र ज्ञान निवासी दरसेड़ा, बरगढ़ थाना के एसआई रामाधार ने टीम के साथ पशु क्रूरता अधिनियम व आर्म्स एक्ट के वांछित जुनेद अहमद पुत्र स्व जुबेर अहमद निवासी लखनपुर व भरतकूप थाना के एसआई कालीदीन ने टीम के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी छेदी सिंह पुत्र दली सिंह निवासी ग्राम भगवतपुर, पहाड़ी थाना के एसआई परशुराम यादव ने टीम के साथ गोवध निवारण अधिनियम के वारंटी राजन रैदास पुत्र घनश्याम रैदास अमानत पुत्र इद्दू बक्स निवासी ग्राम मुस्लिम पुरवा मजरा सरैया को गिरफ्तार किया है।

# बूढ़े मां बाप को भगा करके,लोग कुत्तों को पाल लेते है...

## सुढ़ियामऊ में हुआ मुषायरा और कवि सम्मेलन

सूरतगंज बाराबंकी (एजेंसी)। ब्लॉक सूरतगंज इलाके के तकिया मजरे सुंधियामऊ स्थित हजरत बूढ़नशाह शहीद मार्ग रहमतुल्ला –अलैह के उर्स के दूसरे दिन शनिवार रात ऑल इंडिया मुशायरे व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फतेहपुर नगर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की सदारत समाजवादी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद व निजामत हिलाल बंदायूनी ने किया मुशायरे का शुरुआत कारी परवेज यजदानी की नात–ए–पाक से किया गया।शायरा चांदनी शबनम ने पढ़ा, मौत आती है तो करती हैं इशारा हमको,जिंदगी फिर न मिलेगी ये दुबारा हमको। कवि ओम शर्मा ने पढ़ा, सारी दुनिया को पढ़ जाओगे डूबतो को उभार जायेंगे, सारी दुनिया से जीत लोगो मगर आप अपनों से हार जाओगे। ,शायर अली बाराबंकवी ने पढ़ा,श्नया कानून लाया जा रहा है हमे बागी बताया जा रहा है,लड़े आपस में हिंदू और मुसलमान कदम ऐसा उठाया जा रहा है। गुफरान चुलबुल ने पढ़ा,श्ससुर मांगी है खव्ही मां मारुती, हमारे पास जो पुछव खड़खड़ा भी नही है। शायर वसीम रामपुरी ने पढ़ा, मेरे खुदा मेरा भारत महान हो जाए जमी हिंद की एक आसमान हो जाए, कुछ ऐसे फैले तिरंगे के रंग चारो तरफ कि सारी दुनिया ही हिंदुस्तान हो जाए। शायर काविश रुदौलवी ने पढ़ा, परेशां क्यों रहें बेटियों की खातिर हमारी फूल सी बिटिया बहुत है।शायर कलीम तारिक ने पढ़ा, उसकी फितरत तो सांप जैसे हे जब वह बोलेगा जहर बोलेगा। डॉक्टर हिलाल बदायुनी ने पढ़ा , करीब से तेरा दीदार हो गया होता, मैं तेरी सुबह का अखबार हो गया होता। शहजादा कलीम प्रतापगढ़ी ने पढ़ा,जितना तेरा उतना मेरा सबको ये बतलाया जाय,आने वाली नशलो को अब और न यूं भटकाया जाए,देश में हिंदू मुस्लिम का जो जहर परोशा करते हैं ऐसे नेताओं को पहले फांसी पर लटकाया जाए सुनाकर मौजूद लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मुशायरे में शायर कामरान सुंधियामऊवी, शुफियान सुरतगंजवी, सना महमूदाबादी, गुफरान कामिल ने अपने कलाम पेश किए जिन्हें महफिल में खूब सराहा गया।

# सर्वमत और सुशासन से बनेगा विकसित भारत

## आर्थिक-सामाजिक विकास तथा सामाजिक न्याय ही रहेगा एजेंडा



–प्रो.संजय द्विवेदी

लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी भले ही सीटों के मामले में अपने घोषित लक्ष्य से पीछे रह गए हों , किन्तु चुनौती स्वीकार करने की उनकी जिजीविषा स्पष्ट है। पिछले तीन दिनों से उनके भाषण, बाडी लैंग्वेज बता रही है कि वे राजग की सरकार को उसी अंदाज से चलाना चाहते हैं, जैसी सरकार वे अब तक चलाते आए हैं। सहयोगी दलों से मिली पूर्ण आश्वस्ति के पश्चात मोदी ने अपने नेता पद पर चयन के बाद श्बहुमतश से नहीं बल्कि श्सर्वमतश से सरकार चलाने की बात कही है। वैसे भी चंद्रबाबू नायडू तथा नीतिश कुमार की ज्यादा रूचि अपने राज्यों की राजनीति में हैं। इसलिए सीधे तौर पर दो बड़े सहयोगी दलों तेलुगु देशम और जनता दल (यूनाइटेड) से कोई तात्कालिक चुनौती नहीं है। इसके साथ ही श्सुशासनश मोदी, नायडू और नीतिश तीनों की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पिछले 22 वर्षों से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे पदों पर रहते हुए सरकारों का नेतृत्व कर रहे हैं। उनमें सबको साथ लेकर चलने की अभूतपूर्व क्षमता है। सुशासन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टालरेंस उनकी कार्यशैली है। यह बात उन्होंने इस बार भी स्पष्ट कर दी है। लंबे नेतृत्व अनुभव ने उनमें साथियों के प्रति सद्भाव और अभिभावकत्व भी पैदा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए एनडीए का हर एक सांसद समान है। मोदी जब 2014 में प्रधानमंत्री बने तब यह बात काफी कही गई थी कि उन्हें दिल्ली की समझ नहीं है। विदेश नीति जैसे विषयों पर क्या मोदी नेतृत्व दे पाएंगे। जबकि पिछले 10 वर्षों में मोदी ने इन दोनों प्रारंभिक धारणाओं को खारिज किया। ऐसे में गठबंधन सरकार का नेतृत्व वे सफलतापूर्वक करेंगे, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

सत्ता के संकटों और सीमाओं के बाद भी नरेंद्र मोदी ने अपने विजन और नेतृत्व क्षमता से लंबी लकीर खींची है। गहरी राष्ट्रीय चेतना से लबरेज उनका व्यक्तित्व एनडीए की चुनावी सफलताओं की गारंटी बन गया है। अब जबकि एनडीए के लगभग 303 सांसद हो चुके हैं,तब यह मानना ही पड़ेगा यह सरकार आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और सामाजिक कल्याण की योजनाएं लागू करते हुए तेजी से आगे बढ़ेगी। अरूणाचल प्रदेश, उड़ीसा की राज्य सरकारें मोदी मैजिक का ही परिणाम है। केरल में खाता खोलने के साथ तेलंगाना, आंध्र और कर्नाटक के परिणाम दक्षिण भारत में भाजपा की बढ़ती स्वीकार्यता बताते हैं। इन परिणामों में नरेंद्र मोदी की छवि और उनका परिश्रम संयुक्त है।

उत्तर प्रदेश, राजस्थान,बंगाल और महाराष्ट्र से गंभीर नुकसान के बाद भी सबसे बड़े दल के रूप में भाजपा को जिताकर ले आना और एनडीए को बहुमत दिलाने में उनकी खास भूमिका है। एनडीए सांसद और सहयोगी दल भी मानते हैं उन्हें मोदी की छवि का फायदा अपने–अपने क्षेत्रों में मिला है। 10 साल के सत्ता विरोधी रूझानों के बाद भी अन्य क्षेत्रों में विस्तार करते हुए भाजपा और एनडीए अपनी सत्ता बचाने में कामयाब रहे, यह साधारण बात नहीं है। राजग ने चुनावी जंग में मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश की सभी सीटें जीत लीं। बावजूद इसके अपराजेय समझे जाने वाले श्मोदी –योगी ब्रांडश को उत्तर प्रदेश में बहुत गहरा झटका लगा है। प्रधानमंत्री की वाराणसी में जीत के अंतर को भी विरोधी रेखांकित कर रहे हैं। अयोध्या की हार मीडिया की सबसे बड़ी खबर बन गयी है। जाहिर तौर पर इसे लोकतंत्र की खूबसूरती ही मानना चाहिए। इसलिए इसे जनादेश कहते हैं। आरक्षण और संविधान बदलाव के भ्रामक प्रचार ने जैसा उत्तर प्रदेश में असर दिखाया है , संभव है बिहार में चिराग पासवान और जीतनराम मांझी गठबंधन में न होते तो वहां भी ऐसा ही नुकसान संभावित था। कांग्रेस और उसके गठबंधन को निश्चित ही बड़ी सफलता मिली है। इसके चलते संसद और उसके बाहर मोदी सरकार को चुनौतियां मिलती रहेंगी। विपक्ष का बढ़ा आत्मविश्वास क्या आनेवाले समय में सरकार के लिए संकट खड़ा कर पाएगा, इसे देखना रोचक होगा। भारतीय लोकतंत्र वैसे भी निरंतर परिपक्व हुआ है। सर्वसमावेशी होना उसका स्वभाव है। श्सबका साथ, सबका विकासश ही मोदी मंत्र रहा है। बाद में मोदी ने इसमें दो चीजें और जोड़ीं श्सबका विश्वास और सबका प्रयासश। गठबंधन सरकार चलाने के लिए इससे अच्छा मंत्र क्या हो सकता है। मोदी और उनकी पार्टी ने विकसित भारत बनाने का कठिन उत्तरदायित्व लिया है, वे इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे तो यही बात भारत मां के माथे पर सौभाग्य का टीका साबित होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)

## सम्पादकीय

### बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान

हाल में दिल्ली में बेबी केयर सेंटर में आग लगने से जो हादसा हुआ, उससे नर्सिंग होम और बेबी केयर सेंटर्स में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान लग गए हैं। इस हादसे के बाद जांच में बहुत सारी खामियां मिल रही हैं।बेबी केयर सेंटर नर्सिंग होम के पंजीकरण पर संचालित किया जा रहा था और इसका लाइसेंस भी 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो चुका था। इसका रिन्यूअल नहीं कराया गया था। मौके पर आग बुझाने का कोई भी उपकरण मौजूद नहीं था और न ही किसी फायर फाइटिंग सिस्टम को लगाने का प्रयास किया गया था। आपातकालीन स्थिति में इमारत से बाहर निकलने के लिए कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था।

इस घटना ने लोगों को दिल्ली में संचालित अन्य निजी नर्सिंग होम, बेबी केयर सेंटर, निजी क्लिनिक और अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। इन अस्पतालों और नर्सिंग होम को चलाने के लिए किन नियमों का पालन करना पड़ता है और कहां से लाइसेंस लेना पड़ता हैय इस संबंध में कुछ जानकारियां हैंरू सबसे पहले दिल्ली में नर्सिंग होम चलाने के लिए दिल्ली सरकार के डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज से नर्सिंग होम एक्ट के तहत लाइसेंस लेना होता है।डीजीएचएस कार्यालय में पंजीकरण के लिए आवेदन करना होता है। इसके बाद डीजीएचएस कार्यालय की ओर से नर्सिंग होम बिल्डिंग का निरीक्षण किया जाता हैय यदि बिल्डिंग नियमों के तहत सही पाई जाती है, तो नर्सिंग होम चलाने का लाइसेंस दिया जाता है। दिल्ली का मास्टर प्लान 2021 के तहत जांच की जाती है कि उस रेजिडेंशियल एरिया, जहां सड़क की चौड़ाई 9 मीटर या उससे अधिक हो, में क्या नर्सिंग होम या अस्पताल चलाने के लिए स्वीकृति दी जा सकती है।दूसरा, दिल्ली के फायर एक्ट के तहत फायर विभाग से नर्सिंग होम या अस्पताल चलाने के लिए एनओसी तब लेनी होती है, जब उस बिल्डिंग की ऊंचाई नौ मीटर से ज्यादा हो। बिल्डिंग की ऊंचाई नौ मीटर या उससे कम हो, तब एनओसी की जरूरत नहीं होती। तीसरा, चाइल्ड बेबी केयर सेंटर के लिए अलग से परमिशन की जरूरत नहीं पड़ती। उसे नर्सिंग होम के तहत ही पंजीकृत कराकर लाइसेंस लेकर चलाया जा सकता है। डीजीएचएस के जरिए ही बेबी केयर सेंटर को भी नर्सिंग होम एक्ट में पंजीकृत कर सकते हैं।बेबी केयर सेंटर चलाने के लिए प्रशिक्षित पीडियाट्रिशियन, स्पेशलिस्ट डॉक्टर और प्रशिक्षित नर्स की जरूरत होती है। डीजीएचएस द्वारा किसी भी नर्सिंग होम या अस्पताल को पहली बार तीन साल के लिए लाइसेंस दिया जाता है। लाइसेंस का समय खत्म होने से दो महीने पहले रिन्यूअल के लिए आवेदन करना चाहिए। इस बीच रिन्यूअल की अवधि समाप्त हो रही हो तो तब तक इंतजार करना चाहिए,जब तक डीजीएचएस से कोई सूचना नहीं आ जाती। लेकिन जब तक रिन्यूअल के लिए भेजे गए आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया जाता, तब तक अस्पताल और नर्सिंग होम संचालक अस्पताल चला सकता है। पंजीकरण या लाइसेंस अस्वीकृत होने के बाद ही उसको बंद किया जा सकता है। यदि डीजीएचएस कार्यालय देरी कर रहा है, तो विलंब की बाबत पूछताछ की जा सकती है।दिल्ली नगर निगम या एनडीएमसी के नक्शे के हिसाब से ही बिल्डिंग बनानी पड़ती है। इस नक्शे और बिल्डिंग को देख कर ही डीजीएचएस की ओर से लाइसेंस दिया जाता है। उसके बाद ही नगर निगम या एनडीएमसी उस बिल्डिंग से हाउस टैक्स लेता है।



## बंगाल में राज्य प्रायोजित हिंसा एक बदनुमा दाग की तरह है

ललित गर्ग

पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रक्रिया बन गयी है।

लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, लोगों में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यही वजह है कि कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि वे विपक्षी कार्यकर्ताओं को हिंसा से बचाने के लिए सुरक्षा दें। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव बाद की हिंसा पर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई एवं ममता बनर्जी सरकार को कड़ी फटकार लगाई। चुनाव के बाद एवं लोकसभा चुनाव के प्रचार दौरान तृणमूल कांग्रेस ने व्यापक हिंसा, आतंक एवं अराजकता का माहौल बनाया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह के हिंसक हमले कर रहे हैं, वह लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। ममता बनर्जी ने चुनाव के महापर्व को हिंसक बना दिया था, उसने एवं उसके कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं से, हिन्दुओं से, हिन्दू मन्दिरों–भगवानों–संतों एवं हिन्दू पर्वों से नफरत का बिगुल हर मोड़ पर बजाया है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा का सिलसिला चुनाव के पहले ही कायम हो गया था। राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं, जिनमें ग्यारह लोगों की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने 'आतंक का राज' फैला दिया है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है, जब चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती 19 जून तक बढ़ा दी गई है। ऐसा चुनाव बाद हिंसा की प्रबल आशंका को देखते हुए किया गया था। यह आश्चर्यजनक है कि बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की चार सौ कंपनियां तैनात हैं और फिर भी वहां व्यापक हिंसा हो रही है। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस हिंसा को कितने नियोजित ढंग से अंजाम दे रही है। इस हिंसा एवं अराजकता के बढ़ने के प्रबल आसार इसलिए हैं, क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान भी बड़े पैमाने पर जो हिंसा हुई थी, लोकसभा चुनाव में भी हिंसा हुई, पूर्व के अन्य चुनावों में भी हिंसा का बोलबाला रहा है। ऐसी स्थितियों में बंगाल में लोकतंत्र की भावना एवं मर्यादा का खुला हनन हो रहा है। इतनी व्यापक हिंसा बंगाल पुलिस के मूकदर्शक बने रहने एवं उसके सहयोग के बिना अंसभव है। इसी के चलते तमाम भाजपा कार्यकर्ता और उसके समर्थकों की हत्या की गई थी। पूर्व की हिंसा एवं आतंक के समय ऐसा माहौल बनाया गया था कि कई लोगों को अपना घर–बार छोड़कर पलायन करते हुए पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी। इन जटिल होती स्थितियों को देखते हुए न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, जो एक लोकतांत्रिक सरकार के लिये लज्जाजनक है।पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रक्रिया बन गयी है। 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को हिंसक घटनाओं की जांच करने को कहा था। इस जांच के दौरान तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई भी तृणमूल कांग्रेस के अराजक तत्वों के दुस्साहस का दमन नहीं कर सकी। इसका प्रमाण 2023 में पंचायत चुनाव के दौरान हुई भीषण हिंसा से मिला था, जिसमें 40 से अधिक लोगों की जान गई थी। इस लोकसभा चुनाव में भी हिंसा के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। यह ठीक है कि चुनाव बाद हिंसा पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक कहा कि यदि राज्य सरकार हिंसा पर लगाम नहीं लगा सकती तो केंद्रीय सुरक्षा बलों को बंगाल में पांच साल तक तैनात करने का आदेश देना पड़ सकता है। उच्च न्यायालय की इस कठोर टिप्पणी के बाद भी ममता सरकार की सेहत पर शायद ही कोई असर पड़े, क्योंकि वह सारा दोष विरोधी दलों पर मढ़ देती है। वास्तव में जब तक बंगाल में हिंसा के लिए ममता सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक राज्य के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। मता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार–बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता–अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। चुनावों में जितनी हिंसा बंगाल में हुई, उतनी अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिली। बंगाल का लोकतंत्र तानाशाही मानसिकता से गुजर रहा है। इन स्थितियों से तो यही लगता है कि राजनीतिक वोट बैंक के लिए ममता संविधान एवं सुरक्षा–व्यवस्था की जितनी अवमानना कर सकती है, उसने की है और आगे भी वह करती रहेगी। चुनावों में ऐसी हिंसक एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियां लोकतंत्र पर एक धुंधलका है, जिस पर नियंत्रण जरूरी है।लोकसभा चुनाव में जिन राज्यों के परिणामों ने पूरे देश को चौंकाया है उनमें पश्चिम बंगाल भी शुमार है। पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम इसलिये भी आश्चर्य में डाल रहे हैं कि वहां तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ व्यापक नाराजगी थी, ममता सरकार के कई मंत्रियों और विधायकों पर घोटाले के आरोप लगे थे, संदेशखाली की महिलाओं पर हुआ अत्याचार देश भर में बड़ा मुद्दा बन गया था, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के इर्दगिर्द ईडी का शिकंजा कसा हुआ था, ममता बनर्जी को सनातन विरोधी बताया जा रहा था, तृणमूल कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने चुनावों से ऐन पहले पाला बदल लिया था, तृणमूल कांग्रेस पर हिंसक एवं अराजक होने का तगमा लगा था, बावजूद ममता जीती। देखा जाये तो ममता बनर्जी की छवि जुझारू एवं कद्दावर नेता की रही है और वह अपनी पार्टी को जिताने के लिए जी–जान लगा देती हैं। चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर होने वाले राजनीतिक हमलों को वह अपने पक्ष में मोड़ लेने में माहिर हैं। इसके अलावा, इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं ने विभिन्न राज्यों में सीटों का बंटवारा कर आपस में समन्वय बनाकर चुनाव लड़ा लेकिन ममता बनर्जी ने बंगाल में अकेले ही सारी चुनौती झेली। वह अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती है तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती है? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती है? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती है, भयभीत करती है? क्या ये प्रश्न ममता की राजनीतिक छवि पर दाग नहीं है? ममता एवं तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। मुद्दा चाहे रामनवमी पर हिंसा का हो या संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं के साथ अत्याचारों का या साधु–संतों को डराने–धमकाने का। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने अलोकतांत्रिक, गैर–कानूनी एवं राष्ट्र–विरोधी कार्यों को अंजाम दिया है। बंगाल में तो भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, हिंसा की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगल रहा है। ममता अपनी जातियों, ग्रुपों और वोट बैंक को मजबूत कर रही हैं–– देश को नहीं। दुनिया के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। बंगाल में आम जनजीवन की सार्थकता ही नष्ट हो रही है।

## कल्याण ने चन्द्रबाबू को दी ताकत



Vkध्र प्रदेश में चन्द्रबाबू नायडू ने लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में शानदार प्रदर्शन करके सभी को चौंका दिया है। उनकी इस जीत में युवा नेता पवन कल्याण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मेगा स्टार चिरंजीवी के छोटे भाई पवन कल्याण ने जनसेना पार्टी बनायी और राजनीति के मैदान में उतरे। भाजपा के साथ चन्द्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगुदेशम पार्टी (टीडीपी) के गठबंधन में पवन कल्याण की जनसेना पार्टी भी शामिल हुई। जनसेना पार्टी को जनता का भरपूर समर्थन हासिल हुआ है। उनकी पार्टी को 2 सांसद मिले हैं जो केन्द्र में मोदी की बनने वाली तीसरी सरकार के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। विधानसभा में भी जनसेना ने 21 विधायक पाये हैं।

आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ–साथ कराये गये हैं। राज्य की 175 सदस्यीय विधानसभा में पूर्व में सत्तारूढ़ रही वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को सिर्फ 13 विधायक मिल पाये हैं जबकि चन्द्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी को 135 विधायक मिले। सहयोगी पार्टी भाजपा को भी 8 सीटें मिली हैं। दूसरे स्थान पर पवन कल्याण की जनसेना पार्टी है जिसको 21 विधायक मिले हैं। जगन मोहन रेड्डी के प्रति नाराजगी के कई कारण रहे। इनमें एक राजधानी अमरावती का मामला भी था। जगनमोहन से लोग इसलिए भी नाराज थे कि वे जमीन से कट गये थे। इसलिए संसदीय चुनाव में 14 नये चेहरे देने के बाद भी मतदाताओं का समर्थन नहीं मिला।

जनसेना पार्टी (जेएसपी) के नेता पवन कल्याण ने राज्य चुनावों में शानदार जीत हासिल की, जिसके बाद पूरे आंध्र प्रदेश में जश्न का माहौल है। अभिनेता से नेता बने इस लोकप्रिय नेता का उनकी पत्नी अन्ना लेझनेवा ने खुले दिल और खुशी से स्वागत किया, जो उनकी राजनीतिक सफलता के बीच व्यक्तिगत जीत का एक मार्मिक क्षण था। कल्याण के घर लौटने पर उनके परिवार ने उनका दिल खोलकर स्वागत किया। अन्ना लेझनेवा उनके राजनीतिक सफर के दौरान उनकी दृढ़ समर्थक रही हैं। उन्होंने गर्व और खुशी के साथ अपने पति को गले लगाया। उन्होंने आरती की और अपने पति के माथे पर टीका भी लगाया।पवन कल्याण के बड़े भाई मेगास्टार चिरंजीवी ने भी सोशल मीडिया पर अपने भाई को बधाई दी और लिखा, मैं भी इस बात से बेहद खुश हूं कि कैसे मेरे प्यारे भाई पवन कल्याण ने लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किया। आप सभी को हार्दिक बधाई। साईं धरम तेज और नितिन सहित कई अन्य हस्तियों ने आंध्र प्रदेश चुनावों में ऐतिहासिक जीत के लिए अभिनेता को सोशल मीडिया पर बधाई दी।पवन कल्याण की पार्टी आंध्र प्रदेश विधानसभा में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उबरी है। एनडीए एलायंस का हिस्सा जन सेना पार्टी ने लोकसभा में भी दो सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और दोनों पर ही जीत हासिल की है। विधानसभा की बात करें तो 21 सीटें पार्टी ने हासिल की हैं। इन्होंने 21 सीटों पर ही प्रत्याशी उतारे भी थे। इसके अनुसार पार्टी को 100 प्रतिशत सफलता हासिल हुई है। पवन कल्याण खुद पीतमपुरा सीट से चुनावी मैदान में थे और उन्होंने 70279 वोटों से जीत हासिल की है। उन्हें 134394 वोट पड़े हैं।

चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी, जनसेना पार्टी और भारतीय जनता पार्टी का एलायंस है। जनसेना पार्टी दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर आंध्र प्रदेश में उबरी है। इसी लिहाज से जनसेना पार्टी चीफ पवन कल्याण को डिप्टी सीएम के चेहरे के तौर पर देखा जा रहा है।

नायडू ने आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य के दर्जे को लेकर मार्च, 2018 में एनडीए से नाता तोड़ लिया था, लेकिन वर्ष 2019 के विधानसभा व लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार ने उन्हें सियासी नेपथ्य में धकेल दिया। ठीक छह साल बाद मार्च, 2024 में नायडू ने एनडीए में वापसी की और आंध्र प्रदेश में भाजपा, जनसेना के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा। गठबंधन के तहत प्रदेश की कुल 175 विधानसभा सीट में से टीडीपी 144, जनसेना 21 और भाजपा 10 सीट पर चुनाव लड़ी। राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन में होने के बावजूद मुस्लिम आरक्षण जैसे मुद्दे पर नायडू ने अपना अलग रुख रखा और मुस्लिम आरक्षण की पैरवी की। उन्होंने खुलकर कहा, हम शुरू से ही मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं और यह जारी रहेगा।'' हालांकि अपने घोषणापत्र में टीडीपी ने इस मुद्दे से दूरी बना ली। एनडीए में लौटने के बाद भले ही नायडू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर मौके पर सराहना करते दिखे हों, लेकिन पूर्व में उनके साथ रिश्ते सहज नहीं रहे हैं। नायडू ने 2002 में गुजरात दंगे के बाद मोदी का विरोध किया था। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर नायडू के नाम पर कई कीर्तिमान भी हैं। वह आंध्र प्रदेश के सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्होंने कई कार्यकाल में 13 साल 247 दिन तक मुख्यमंत्री का पद संभाला है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के वह ऐसे एकमात्र नेता हैं जिन्होंने अविभाजित और विभाजन (आंध्र से अलग कर तेलंगाना का गठन) के बाद राज्य की बागडोर संभाली। मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान नायडू की छवि एक आर्थिक सुधारक और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले नेता की रही है। उन्होंने हैदराबाद को साइबर सिटी के तौर पर विकसित किया। उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया, जिसमें नई राजधानी अमरावती का निर्माण भी शामिल है।

जगन मोहन रेड्डी से निराशाजनक तरीके से पिछला विधानसभा चुनाव हारने वाले नायडू एक बार फिर से किंग मेकर बनकर उभरे हैं। उनका साथ पवन कल्याण की जनसेना ने दिया है।

आंध्र प्रदेश में टीडीपी, बीजेपी और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी की कूटमी (गठबंधन) रंग लाई और जहां लोकसभा में एनडीए गठबंधन को जबरदस्त जीत मिली। वहीं, असेंबली चुनावों में चंद्रबाबू नायडू ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सत्ता में शानदार वापसी की। नायडू सरकार के खिलाफ पदयात्रा और जमीनी संघर्ष कर पांच साल पहले युवा चेहरे और वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी ने नायडू से सत्ता झटकी थी, लेकिन पहले ही मौके में नायडू ने जबरदस्त जीत दोहराते हुए अपना बदला पूरा कर लिया। एनडीए कूटमी ने राज्य की 25 लोकसभा सीटों में 21 सीटें निकाली हैं, जिसमें से टीडीपी को 16, बीजेपी को तीन और जनसेना को दो सीटें मिली हैं। वाईएसआर कांग्रेस को चार सीटें मिली है। हालांकि, पिछली बार वाईएसआर कांग्रेस ने 22 सीटें जीती थीं, जबकि तीन टीडीपी को तीन मिली थी। इससे पहले चंद्रबाबू की टीडीपी ने 2014 के लोकसभा में 16 सीटें निकाली थीं, हालांकि तब भी वह बीजेपी के साथ लड़ाई में उतरी थी।

असेंबली चुनावों में इस बार टीडीपी को 175 में से 133, जन सेना को 21, बीजेपी को 8 और वाईएसआरसीपी को 13 सीटें मिली हैं। इस बार टीडीपी को जहां 45.45 फीसदी वोट मिला तो वाईएसआर कांग्रेस को 39.38 फीसदी वोट मिले हैं।पिछली बार जगन को 49.95 फीसदी वोट 151 सीटें मिली थीं, और टीडीपी को 39.17 फीसदी वोट और 23 सीटें मिली

## पूर्व समेत दो ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण, भेजे गए जेल



सुलतानपुर (एजेंसी)। इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह और सह सजायाफ्ता सूर्यप्रकाश सिंह अंशू ने आज सोमवार को एमपी–एमएलए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद सोनू सिंह और सूर्य प्रकाश सिंह को जेल भेज दिया गया है। पिछली पेशी पर कोर्ट ने सोनू सिंह और सूर्य प्रकाश सिंह के गैरहाजिर रहने की वजह से गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। स्पेशल जज शुभम वर्मा ने 10 जून की तारीख लगाई थी। पिछली पेशी पर कोर्ट में समर्पण करने पर सजायाफ्ता रुकसार अहमद को जेल भेज दिया गया था। एमपी–एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश योगेश यादव ने बीते वर्ष छह जुलाई को पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह और उनके समर्थक सूर्य प्रकाश सिंह अंशू निवासी मायंग और अमेठी के कमरौली थाना क्षेत्र के रुकसार अहमद को मारपीट और दीवार ढहाने के मामले में सजा सुनाई थी। सभी दोषियों को डेढ़–डेढ़ वर्ष का कारावास औल कुल 23 हजार एक सौ रुपए अर्थदंड लगाया था। बता दें कि घटना पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह के गांव मायंग में 25 फरवरी 2021 को हुई थी। पीड़ित बनारसी ने दीवार जेसीबी से जबरदस्ती गिराने और विरोध करने पर घर में घुसकर मारने–पीटने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इस सजा के विरुद्ध दोषियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसमें कोई रिलीफ नहीं मिली।

## संस्था फाग्सी का हुआ गठन, डॉ. रेखा सिंह अध्यक्ष एवं डा. स्वाती सिंह सचिव चयनित

सुलतानपुर (एजेंसी)। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की देश की सबसे बड़ी संस्था फेडरेशन ऑफ गायनेकोलोजिस्ट सोसाइटीज ऑफ इंडिया फॉग्सी के सुल्तानपुर चौप्टर का शुभारम्भ बीती रात को शहर के होटल गार्डन व्यू में प्रयागराज की विख्यात गायनेकोलॉजिस्ट डॉ वंदना बंसल द्वारा संपन्न हुआ। इस संस्था के गठन के फलस्वरूप अब अपने शहर वासियों को भी स्त्री एवं प्रसूति रोग की दिशा में अति आधुनिकतम चिकित्सा एवं पुरे विश्व में चल रही रिसर्च का सीधे लाभ होगा। संस्था में उपाध्यक्ष के पद पर डॉ आलोक सिंह तथा डॉ तरन्नुम अख्तर, सहसचिव के पद पर डॉ आस्था त्रिपाठी तथा डॉ मीनाक्षी तिवारी, क्लीनिकल सेक्रेटरी के पद पर डॉ आनंद सिंह तथा जॉइंट क्लीनिकल सेक्रेटरी के पद पर डॉ संगीता श्रीवास्तव व डॉ आरती सेठ, ट्रेजरर व लाइब्रेरियन के पद पर डॉ शैलेन्द्र जायसवाल व डॉ श्वेता सिंह, केंद्र एवं राज्य कार्यकारी सदस्य के पद पर डॉ पुष्पलता राजपूत व डॉ अर्चना थेपरम्बिल तथा कार्यकारी सदस्य के पद पर डॉ प्रीती माथुर, डॉ सरवी सिंह का चयन हुआ।

## अंत्येष्ठि स्थल घटिया निर्माण के चलते धराशाई



सुलतानपुर (एजेंसी)। जिले में घोटालेबाज ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव अंत्येष्ठि स्थल जैसे विकास कार्य मे भी लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विकास खंड पीपी कमैचा के ग्राम पंचायत अमरूपुर गांव में निर्माणाधीन अंत्येष्ठि स्थल के बाउंड्रीवाल देशी बालू, पीली ईंट का इस्तेमाल कर बनाया जा रहा है। जो किसी भी क्षण जमीदोज हो सकता है क्योंकि निर्माण के चार दिन बाद ही कुछ हिस्सा भर भरा कर गिर गया। ऐसे निर्माण से कभी भी भयानक हादसा हो सकता है, जिसका जिम्मेदार कौन होगा, सबसे बड़ा सवाल ऐसे कारनामा करने वालों पर कब होगी कार्रवाई। खबर शोशल मीडिया पर चलने के बाद मामले को डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल ने संज्ञान में लेकर स्वयं मौके का निरीक्षण किया। डीपीआरओ ने मौके से बाउंड्रीवाल निर्माण में प्रयुक्त मसाले और ईंट का नमूना लिया है और जांच कराकर कार्रवाई करने को कहा है। डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल ने मौके पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से उक्त मामले पर स्पष्टीकरण मांगा है सही जवाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।

## कायाकल्प योजना मे लंबित कार्य 30 जून तक पूरा करने का डी एम ने दिया निर्देश

बस्ती। जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने रीयल टाइम खतौनी, कोर्ट केस, समितियों का कायाकल्प, प्रोजेक्ट अलंकार योजना की बिन्दुओं पर गहन समीक्षा किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने निर्देश दिया कि कायाकल्प योजना के तहत जो कार्य अपूर्ण है, उसे संबंधित अधिकारी आगामी 30 जून तक पूर्ण कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कोर्ट केस की समीक्षा करते हुए उन्होने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि 1 साल के ऊपर लम्बित मुकदमों को नियमानुसार निस्तारित किया जाय। इसके साथ ग्रामवार मुकदमों की सूची तैयार की जाय तथा तैयार सूची के तहत ग्रामवार चौपाल लगाकर मुकदमों का निस्तारण किया जाय। बैठक में सीडीओ जयदेव सीएस, सभी उप जिलाधिकारी, पीडी राजेश झा, डीपीआरओ रतन कुमार, ईओ नगरपालिका सत्येन्द्र सिंह, समस्त बीडीओ, एआर को–आपरेटिव, डीआईओएस जगदीश शुक्ला, बीएसए अनूप तिवारी तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## तस्कर गिरोह के सरगना की 7 करोड़ से अधिक संपत्ति की गई कुर्क



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चलध्अचल सम्पत्तियों को जिलाधिकारी बाराबंकी के आदेश के अनुक्रम में जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी जिसका विवरण निम्नवत है। इसी क्रम में थाना जैदपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 231ध् 2023 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तध्गिरोह सरगना तारिक अनवर पुत्र मो0 मुश्ताक निवासी ग्राम टेरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी, अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य मो0 शादाब पुत्र मुमताज निवासी ग्राम टेरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी के साथ मिलकर विगत 08–10 वर्षों से आर्थिक व भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त हैं। गिरोह द्वारा अवैध तरीके से की जा रही मादक पदार्थ की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्यों से आम जनमानस के जीवन में संकटापन्न की स्थिति उत्पन्न किये जाने के साथ ही साथ युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिससे आम जनमानस अपने बच्चों को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इस संगठित गिरोह के द्वारा कारित किये जा रहे आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अभियुक्तध्सरगना तारिक अनवर पुत्र मो0 मुश्ताक निवासी ग्राम टेरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी व गिरोह के सक्रिय सदस्य मो0 शादाब उपरोक्त द्वारा अपने परिजनों के नाम पर अर्जित की गई चलध्अचल सम्पत्ति (ग्राम कोला गहबड़ी परगना सतरिख स्थित विभिन्न भूखण्ड पर निर्मित राइसमिल व 18 अदद दुकानें, ग्राम टेरा परगना सतरिख स्थित 03 अदद भूखण्ड) की वर्तमान में उस स्थान पर प्रचलित बाजार दर के अनुसार अनुमानित कीमत लगभग 07 करोड़ 55 लाख रुपये को चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी द्वरा कुर्की का आदेश पारित किया गया। जिसके अनुपालन में सोमवार को थाना जैदपुर बाराबंकी पुलिस एवं प्रशासन द्वारा अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत चिन्हित कर श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी के तहत राज्य के पक्ष में कुर्क किया गया।

## गला काटकर नृशंस हत्या मामले में दोषियों के गिरफ्तारी की मांग

बस्ती। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर रेवटी निवासी सन्तोष गुप्ता ने अपने भाई हरिकान्त की गला काटकर नृशंस हत्या मामले में दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और उनके गिरफ्तारी की मांग किया है। सोमवार को डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र और पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है।पुलिस उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में सन्तोष गुप्ता ने कहा है कि गत 3 मई 2024 की रात में उनके भाई हरिकान्त गुप्ता को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बुलाया गया और धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। पत्र में कहा गया है कि मृतक हरिकान्त गुप्ता के साथ घटना से पूर्व रात्रि लगभग 10.30 बजे गांव के सोनू सिंह पुत्र स्वर्गीय ब्रम्हदेव सिंह गांव के निकट चौराहे पर मिले थे। उनके साथ अक्सर बैठने वाले अमृत सिंह उर्फ खन्नू सिंह पुत्र हंसनाथ, बुलट उर्फ शिवकुमार सिंह पुत्र उदयभान सिंह, लल्ला सिंह पुत्र श्याम मोहन सिंह, हल्लौर नगरा निवासी राजेश पुत्र सुखराज, सुबराती पुत्र गुलाम अली से भी पुलिस ने अभी तक कोई पूंछताछ नहीं किया।

## पौधों से ही हमें प्राप्त होती है प्राण वायु ऑक्सीजन :बीडीओ

### बीडीओ के निर्देश पर निंदूरा ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में हुआ वृक्षारोपण



निंदूरा बाराबंकी। निंदूरा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में सोमवार को पांच सौ से अधिक हरसंकरी पौधे लगाए गए।सबसे पहले सुबह नौ बजे सफाई कर्मचारी और पंचायत सहायक अपने अपने पौधे के साथ ब्लॉक प्रांगण में एकत्र हुए जिसके बाद एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने उन्हें निर्देशित किया कि आप सभी को अपनी अपनी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन ,विद्यालय में या किसी अन्य उचित स्थान पर पंचायत सचिव ,ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और ग्राम पंचायत के सफाई कर्मी के नाम से एक–एक पौधा पीपल,बरगद,पाकड़ का जो आप लेकर आए है को लगाना है। अतः यहां से जाए और पौधे लगाए साथ ही पौधे की देखभाल अपने बेटे की तरह करें क्योंकि इन पौधों से ही हमें प्राण वायु ऑक्सीजन प्राप्त होती है। हम सभी ने देखा कि अभी पूर्व में जब कोरोना आया था तो सभी ऑक्सीजन के लिए ही परेशान थे और जिसे देखो वह पेड़ की छाया में जाकर बसेरा ढूंढ रहा था। वर्तमान में ही देख लीजिए इतना ज्यादा तापमान हो रहा है। अतः हम सबका एक छोटा सा प्रयास भावी पीढ़ी के लिए वरदान साबित हो सकता है। इस मौके पर एडीओ ने अपील की कि खुद पौधे लगाए और दूसरों को भी पौधे लगाने का लाभ बताते हुए प्रेरित करें। खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पौधे लगाने के साथ–साथ उन्हें जीवित रखना भी हमारा दायित्व है तभी यह अभियान सफल होगा। इसलिए जो भी पैधा आप लगा रहे है उसकी फोटो प्रति माह पे रोल के साथ आपको भेजनी है। महामंत्री राजू धनुक ने कहा कि एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह की प्रेरणा से आज हम सभी ये पौध रोपण करने जा रहे है हम सब इन पौधों की देखभाल अपने बाल बच्चो की तरह करेंगे ताकि ये पौधे चल जाए और मानवता को इस ताप जो कि आजकल 45 डिग्री या उससे अधिक तक जा रहा है से आने वाले समय में राहत मिले।

## खाना बनाते समय लगी आग, चार मकान जलकर राख



निंदूरा बाराबंकी। आगासंड़ में सोमवार सुबह खाना बनाते समय अचानक लगी आग से चार मकान जलकर राख हो गए। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लाखों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आकलन किया। कुर्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत आगासंड़ पंचायत में आबादी के बाहर कुछ बाहरी जिलों से आए चौहानों की नई बस्ती बसी है। इस बस्ती में अधिकांश मकान छप्पर नुमा बने हुए हैं।इन मकानों में रहने वाले ज्यादातर लोग मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। सोमवार सुबह इसी गांव निवासी वशिष्ठ चौहान की पुत्री चूल्हे पर खाना बना रही थी।खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी छप्पर पर जा गिरी। छप्पर पर गिरी चिंगारी ने आग पकड़ ली।मौजूद लोगों ने आग की लपटे देखी तो घर से सामान निकालना शुरू किया कि आग ने सबकुछ चपेट में लिया और सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।तेज चलती हवा ने आग में घी का काम किया और यहां से निकली आग की चिंगारी पड़ोस के अमरनाथ चौहान, श्रीराम चौहान व मनोज चौहान के मकानों को चपेट में ले लिया। सूचना पर घंटों बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक मकानों में रखी लाखों की गृहस्थी जल कर राख हो गई।ग्राम प्रधान आगासंड़ की सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी।ग्राम प्रधान राज किशोर ने बताया कि अग्नि पीड़ित परिवारों के खाने ,पीने की व्यवस्था की जा रही है।

## चौकी प्रभारी के स्थानांतरण पर दी गई भावपूर्ण विदाई




बेलहरा बाराबंकी। चुनाव आचार संहिता हटते ही बाराबंकी पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कई पुलिस पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र की बेलहरा चौकी पर लगभग 8 माह से तैनात रहे धर्मेंद्र प्रताप सिंह का तबादला देवा थाना क्षेत्र की माती चौकी प्रभारी के तौर पर करते हुए उनके स्थान पर चंद्रहास मिश्रा को बेलहरा का नया चौकी प्रभारी बनाया गया है। सोमवार को चौकी प्रांगण में विदाई समारोह आयोजित हुआ जिसमें धर्मेंद्र प्रताप सिंह को माला पहनाकर भावपूर्ण विदाई दी गई वही नवागत चौकी प्रभारी चंद्रहास मिश्रा का माला पहनाकर स्वागत किया गया। लोकसभा चुनाव व कई त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए धर्मेंद्र प्रताप सिंह को लोगों बधाई दी।इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि बेलहरा के लोगों ने हमारा बड़ा सहयोग किया और मैंने पीड़ितों को न्याय दिलाने की हर संभव कोशिश की। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में तबादला होना एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है,लेकिन मैं भरोसा दिलाता हूं जहां भी रहूंगा आप लोगों से सदैव जीवंत सम्पर्क बनाएं रखुंगा।इस मौके पर गौरा सैलक प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता नैंटू सिंह,पिंटू सिंह,रिंकू वर्मा,नसीर खान,राजू खान,का0 जय प्रकाश सिंह,रमेश कुमार,मो0 अरशद,ब्रजेश प्रजापति,अजय यादव, नीरज चौधरी, राजाराम, प्रजापति,अजीत सिंह, शत्रुघन प्रजापति मौजूद रहे।

## हर्ष जुलूस : गिरफ्तारियों पर पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने जताया विरोध

### मंडल में 80 से ज्यादा मुस्लिम समुदाय के लोगों की हर्ष जलूस निकालने के आरोप में गिरफ्तारियों की कड़ी निन्दा



सहारनपुर। समाजवादियों और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गत 4 जून को जुलूस निकाल कर खुशी का इजहार किया तो पुलिस ने मुकदमात दर्ज कर करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, विधायक उमर अली खान, पूर्व विधायक माविया अली व अन्य नेताओं ने एसएसपी विपिन टाडा से मुलाकात की। पूर्व सांसद का इस पूरे मामले पर साफ कहना है कि खुशी मनाना और खुशी में जुलूस निकालना किसी तरह का गुनाह नहीं है। उन्होंने कहा कि हर्ष जुलूस में करवाई करना न्यायसंगत नहीं है। अगर इस तरह के जुलूस से शांति भंग होती या किसी प्रकार की अव्यवस्था होती, तब पुलिस को करवाई करने का हक था लेकिन सिर्फ खुशी मनाने पर करवाई करना उचित नहीं है। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, पूर्व विधायक माविया अली, सपा विधायक खान उमर अली खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर और कांग्रेस लीडर सरदार चंद्र जीत सिंह निक्कु और निगम के दर्जन भर पार्षदों ने एक तरफा कार्यवाही पर दुख प्रकट करते हुए बेकसूर लोगों की रिहाई और झूठे मुकदमात तुरन्त वापस लेने की मांग की है। सभी नेताओं ने कहा केवल हर्ष जुलूस निकाला जाना कोई बड़ा अपराध नहीं है, इसलिए पुलिस को ज्यादा सखक्ती से बाज आना चाहिये

## जम्मू कश्मीर में आतंकी गोलीबारी के चलते श्रद्धालुओं की मौत चिन्ताजनक-प्रमोद तिवारी

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने जम्मू कश्मीर के शिव खोड़ी तीर्थस्थल के समीप आतंकियो द्वारा श्रद्धालुओं से भरी बस पर खौफनाक अंदाज में फायरिंग की घटना को बेहद चिंताजनक करार दिया है। रामपुर खास के दौरे पर आये राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि आतंकी हमले में बस में सवार तीर्थयात्रियों में एक मासूम समेत नौ श्रद्धालुओं की मौत तथा तैंतीस श्रद्धालुओं के घायल होने की घटना अत्यन्त दुखद एवं समूचे राष्ट्र को मर्माहत करने वाली घटना है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार एक तरफ जम्मू कश्मीर से धारा तीन सौ सत्तर हटाकर शांति बहाली का थोथा दावा कर रही है। उन्होने सवाल उठाया कि यदि तीन सौ सत्तर हटने के बाद कश्मीर में शांति बहाल हुई है तो केन्द्र की इतनी भारी चूक के चलते श्रद्धालुओं पर आतंकियों की अधाधुंध फायरिंग की जबाबदेही कहां है। उन्होने कहा कि देश के सीमावर्ती अति संवेदनशील राज्य जम्मू कश्मीर में आतंकवाद की यह दिल दहला देने वाली वीभत्स एवं खौफनाक घटना राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार की कमजोरी का एक और दुखद उदाहरण देश के सामने ले आयी। उन्होने सरकार से कहा है कि वह घायल श्रद्धालुओं का बेहतर से बेहतर उपचार सुनिश्चित करते हुए उन्हें फौरन आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये। वहीं उन्होनें मृतक श्रद्धालुओं के दुखी परिजनों को समुचित आर्थिक मदद की भी सरकार से कड़ी मांग उठाई है।

## पीएम मोदी के शपथ ग्रहण में जनपद से भी पहुंचे भाजपाई, की चर्चा

सुल्तानपुर (एजेंसी)। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में जनपद से भी भाजपा नेता दिल्ली पहुंचे थे। बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए बडी जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाले भाजपा नेता सुजीत सिंह भी शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए, सुजीत सिंह ने शपथग्रहण के पश्चात असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा, मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, एमपी के पूर्व सीएम व केंद्र में मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों ने यूपी की खासकर सुल्तानपुर जनपद की राजनीति पर चर्चा की तथा पार्टी को और गति के साथ मजबूत बनाने के कार्यों में पूरी उर्जा के साथ जुटे रहने का मंत्र दिया। भाजपा नेता सुजीत सिंह ने बताया कि केंद्र में भाजपा सरकार लगातार तीसरी बार आने से हम सब ही नही देश उत्साहित व गौरवान्तित महसूस कर रहा है। उन्होनें कहाकि राष्ट्र मोदी, योगी के नेत्तृव में विश्व पटल पर अग्रणी पंक्ति में खडाध् है, इससे बडीध् देश के लिए और कोई उपलब्धि नही हो सकती।

## भव्य रूप से मनाया गया दायित्व ग्रहण कार्यक्रम

सुलतानपुर (एजेंसी)। भारत विकास परिषद शाखा कुशभवनपुर का दायित्व ग्रहण 9 जून दिन रविवार को स्थानीय दरियापुर स्थित मैरिज लॉन में भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल तथा विशिष्ठ अतिथि गोवर्धन दास कानोडिया रहे। इसके साथ ही परिषद के प्रांतीय महामंत्री अमित श्याम, प्रांतीय वित्त सचिव रमाशंकर सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीन्द्र भालोठिया, प्रांतीय संगठन मंत्री अलका श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता तथा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दायित्व ग्रहण की कड़ी में प्रवीण ड्रोलिया ने अपने अध्यक्ष पद का दायित्व आलोक कानोडिया को धनंजय मुखर्जी ने सचिव पद का दायित्व डॉक्टर डॉ विष्णु अग्रहरि को सच्चिदानंद कसौधान ने कोषाध्यक्ष पद का दायित्व प्रशांत टंडन को तथा महिला संयोजिका रचना अग्रवाल ने श्रीमती सरिता कसौधन को हस्तानांतरित किया। इसके पश्चात नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की प्रांतीय उपाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाई गई। प्रयागराज से पधारे प्रांतीय महामंत्री अमित श्याम ने सदस्यों के संख्या बढ़ने पर बल दिया। विशिष्ठ अतिथि ने कहा कि आपसी सहयोग के माध्यम से सामाजिक कार्य करने चाहिए। वहीं मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधान में इस वर्ष के कार्यकाल को पर्यावरण को समर्पित करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प ले कर बढ़ते हुए तापमान में कुछ कमी लाने की कोशिश करना होगा।।

कार्यक्रम में गोमती मित्र मंडल के अध्यक्ष मदन सिंह, संदीप श्रीवास्तव, डॉ रमेश ओझा, डॉ डी एल गुप्ता, गगनदीप सिंह, शिव मूर्ति पांडे, डीपी गुप्ता, संदीप अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

## डायट में मण्डल स्तरीय कार्यशाला: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विमर्श

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में स्मार्ट क्लासेज के उपकरणों के उपयोगार्थ एक दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं भी प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यशाला में बस्ती मंडल के अंतर्गत आने वाले तीनों जिले बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीर नगर के डायट प्रवक्ता, सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप शिक्षा निदेशक और डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि ज्ञान के क्षेत्र में पूरा विश्व विविध वैज्ञानिक तथा तकनीकी विकास के कारण तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वैश्विक स्थिति में भारत का सर्वोत्तम भविष्य सुनिश्चित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु तकनीक का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। कहा कि आप सभी प्रतिभागी कार्यशाला के माध्यम से तकनीक के सकारात्मक पहलुओं से अवगत होकर धरातल पर इसके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। जिससे यह कार्यशाला शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हो सके। कार्यशाला के नोडल प्रवक्ता शशिदर्शन त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षा पूर्ण मानव निर्मित करने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करती है। देश के समसामयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कार्यशाला अत्यंत महत्वपूर्ण है। संदर्भदाता शिव नादर फाऊंडेशन की पायल श्रीवास्तव, कार्तिकेय पाण्डेय, विवेक शाह, दिवेश प्रताप सिंह एवं खान एकेडमी के आयुष ने शिक्षा के क्षेत्र में आईसीटी की भूमिका, आईएफपीडी का परिचय, एलएमएस और सीएमएस ऐप का उपयोग, वेब लर्निंग, स्विफ्ट चौट, एआई का उपयोग, रीड एलांग आदि विभिन्न संदर्भित विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

# Paytm में कर्मचारियों की बढ़ी परेशानी, अब फिर चली नौकरियों पर कैंची

**इस कड़ी में कितने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है, इस संबंध में कंपनी ने स्पष्ट रुप से कोई जानकारी नहीं दी है। बता दें कि ये छंटनी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने की है। पेटीएम का स्वामित्व वन97 कम्युनिकेशंस के पास ही है।**




पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस फिर से कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही है। कंपनी में छंटनी का दौर फिर से शुरू हो गया है। कंपनी ने एक बयान दिया है जिसमें कहा गया है कि कर्मचारियों का ट्रांजीशन करने के लिए कर्मचारियों का 'आउटप्लेसमेंट' (कहीं और भर्ती) की जा रही है।हालांकि इस कड़ी में कितने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है, इस संबंध में कंपनी ने स्पष्ट रुप से कोई जानकारी नहीं दी है। बता दें कि ये छंटनी वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने की है। पेटीएम का स्वामित्व वन97 कम्युनिकेशंस के पास ही है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें 'आउटप्लेसमेंट' (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई। जनवरी–मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा, " कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है।" भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप–अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था। फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023–24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने जनवरी–मार्च तिमाही में पीपीबीएल में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 227 करोड़ रुपये के निवेश को बट्टे खाते में डाला है। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा की पीपीबीएल में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# एफसी गोवा ने भारतीय डिफेंडर आकाश सांगवान को अनुबंधित किया



आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल सत्र के लिए एफसी गोवा ने भारतीय डिफेंडर आकाश सांगवान को अपने साथ जोड़ा है। क्लब ने रविवार को इसकी घोषणा की। क्लब ने उनके अनुबंध की सही अवधि का खुलासा नहीं किया है लेकिन यह कई वर्ष का करार होगा। उन्होंने 2017–18 सत्र में टीम को आईलीग खिताब जीतने में मदद की।मडगांव । एफसी गोवा ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल सत्र के लिए भारतीय डिफेंडर आकाश सांगवान को अपने साथ जोड़ा है। क्लब ने रविवार को इसकी घोषणा की। क्लब ने उनके अनुबंध की सही अवधि का खुलासा नहीं किया है लेकिन यह कई वर्ष का करार होगा। हरियाणा के 28 वर्षीय लेफ्ट बैक सांगवान ने 2017 में क्लब के साथ अपने सीनियर पेशेवर पदार्पण से पहले मिनर्वा पंजाब के साथ अपनी फुटबॉल यात्रा शुरू की। उन्होंने 2017–18 सत्र में टीम को आईलीग खिताब जीतने में मदद की। वह 2022 में दो बार के पूर्व आईएसएल चौंपियन चेन्नईयिन एफसी में शामिल होने से पहले चर्चिल ब्रदर्स और राउंडग्लास पंजाब के लिए खेल चुके हैं। सांगवान ने अब तक 114 पेशेवर मुकाबले खेले हैं और उनके नाम तीन गोल हैं जिनमें से दो पिछले सत्र में सीएफसी के लिए खेलते हुए किए। क्लब से अनुबंध पर उन्होंने कहा, "मैं एफसी गोवा के साथ इस नए अध्याय को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। क्लब की महत्वाकांक्षाएं और खेल शैली मेरे से मेल खाती हैं और मैं टीम की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

# Elon Musk अब टेस्ला को कह सकते हैं Bye-Bye, कंपनी के चेयरमैन ने दी जानकारी



वर्तमान में टेस्ला की 13 प्रतिशत हिस्सेदारी एलन मस्क के पास है। उन्होंने मांग की है कि उनकी हिस्सेदारी कंपनी में 25 प्रतिशत तक बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी नहीं मिलेगी तो वो एआई और रोबोटिक्स पर ध्यान शिफ्ट करेंगे।

इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेल्सा के सीईओ एलन मस्क अपनी कंपनी के साथ मजबूती से जुड़ी हुई है। टेस्ला का जिक्र होते ही एलन मस्क का नाम अपने आप जेहन में आ जाता है। मगर अब संभावना है कि आने वाले सय में ये दोनों एक दूसरे से जुदा हो जाए। एलन मस्क जल्द ही टेल्सा से खुद को अलग करने का मूड बना चुके है। माना जा रहा है कि एलन मस्क कंपनी को छोड़ सकते है।एलन मस्क द्वारा कंपनी छोड़े जाने के संबंध में टेस्ला के चेयरपर्सन रॉबिन डेनहोल्म ने खुद जानकारी दी है। ये जानकारी रॉबिन डेनहोल्म ने इस सप्ताह कंपनी के शेयरहोल्डर्स की बैठक से पहले दी है। उन्होंने कहा कि मस्क ने प्रस्तावित पैकेज दिया है। अगर उनके पे पैकेज को मंजूरी नहीं मिलेगी तो वो जल्द ही कंपनी से खुद को अलग कर सकते है। इस मालमे पर टेस्ला के चेयरपर्सन ने शेयरहोल्डर्स को लेटर भी लिखा है।

कई सालों से अटका है पैकेज

एलन मस्क का पैकेज बीते कई वर्षों से अटका हुआ है। ये पूरा मामला सिर्फ एलन मस्क के पैकेज से ही संबंधित है। दरअसल एलन मस्क की मांग है कि उन्हें स्पेशल पैकेज मिलना चाहिए। मैनेजमेंट ने उनके लिए 56 बिलियन डॉलर का पैकेज तैयार किया है मगर इसे मंजूरी नहीं मिली है। इसका प्रस्ताव 2018 में तैयार हुआ था, जिसे मंजूरी अब तक नहीं मिल सकी है।

शेयरधारकों` किया विरोध

इस सप्ताह ही 13 जून को टेस्ला के शेयरधारकों की अहम बैठक होगी। इस बैठक में टेस्ला के शेयरधारक एलन मस्क के पैकेज पर चर्चा करेंगे और इस पर वोटिंग की जाएगी। कंपनी इस पैकेज को मंजूरी दिलवाने में जुटी हुई है। हालांकि कुछ शेयरधारक इस पैकेज का विरोध कर रहे है।`स्ला के चेयरपर्सन रॉबिन डेनहोल्म इस पैकेज को पास करवाने के लिए पहले भी शेयर धारकों से अपील कर चुके है। उनका तर्क है कि एलन मस्क कंपनी के सबसे अहम और महत्वपूर्ण कर्मचारी है। बीते छह वर्षों से उन्हें उनके काम का कोई मेहनताना नहीं मिला है। एलन मस्क के पैकेज को लेकर उन्होंने तर्क दिया है कि ना ही मस्क आम कर्मचारी है और ना ही टेस्ला आम कंपनी है। ऐसे में उनके पैकेज को सामान्य कर्मचारी के हिसाब से नहीं देखा जा सकता है।बता दें कि वर्तमान में टेस्ला की 13 प्रतिशत हिस्सेदारी एलन मस्क के पास है। उन्होंने मांग की है कि उनकी हिस्सेदारी कंपनी में 25 प्रतिशत तक बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी नहीं मिलेगी तो वो एआई और रोबोटिक्स पर ध्यान शिफ्ट करेंगे।

# शेयर बाजार रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद फिसला, सेंसेक्स 203 अंक टूटकर 76,490 पर बंद

**कारोबार के अंत में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया और 203.28 अंक या 0.27 प्रतिशत टूटकर 76,490.08 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले दिन में सेंसेक्स 385.68 अंक या 0.50 प्रतिशत उछलकर 77,079.04 के नए रिकर्ड पर पहुंच गया था।**




मुंबई। बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और एचडीएफसी बैंक में बिकवाली के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को शुरुआती कारोबार में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद गिरकर बंद हुए। दिन में कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। हालांकि, कारोबार के अंत में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया और 203.28 अंक या 0.27 प्रतिशत टूटकर 76,490.08 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले दिन में सेंसेक्स 385.68 अंक या 0.50 प्रतिशत उछलकर 77,079.04 के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.95 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 121.75 अंक या 0.52 प्रतिशत चढ़कर 23,411.90 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके मंत्रिमंडल में 72 सदस्य शामिल हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, एनटीपीसी, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,391.02 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद भारतीय बाजार में फिलहाल नए उत्प्रेरकों की कमी है। इससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में बाजार में कुछ कमजोरी आ सकती है।" एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट हुई। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 79.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# JK Tyre ने व्यापक टायर प्रबंधन प्रदान करने के लिए EKA Mobility के साथ साझेदारी की




साझेदारी के तहत जेके टायर ईकेए के बेड़े की वास्तविक समय निगरानी के लिए 'कनेक्टेड ट्रील सेंसर' के साथ अपनी नई पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाहन टायर प्रदान करेगा, इस प्रकार अपने मोबिलिटी समाधान कार्यक्रम के जरिए व्यापक टायर प्रबंधन की पेशकश करेगा।नयी दिल्ली। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज ने व्यापक टायर प्रबंधन उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी ईकेए मोबिलिटी के साथ साझेदारी की है। साझेदारी के तहत जेके टायर ईकेए के बेड़े की वास्तविक समय निगरानी के लिए 'कनेक्टेड ट्रील सेंसर' के साथ अपनी नई पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाहन टायर प्रदान करेगा, इस प्रकार अपने मोबिलिटी समाधान कार्यक्रम के जरिए व्यापक टायर प्रबंधन की पेशकश करेगा। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज ने एक बयान में कहा कि मुंबई में वर्तमान में तैनात बेड़े से शुरुआत करते हुए कंपनी सभी शहरों में ईकेए के बेड़े को व्यापक समर्थन प्रदान करेगी। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के निदेशक (बिक्री एवं विपणन) श्रीनिवासु अल्लाफन ने कहा, "यह सहयोग टायर प्रबंधन में नवाचार व उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे ग्राहकों को उनकी संपूर्ण परिवहन आवश्यकताओं के लिए बेजोड़ सेवा और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त, यह पर्यावरण संरक्षण और उत्पाद उन्नति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# JSW Energy ने राजस्थान में एक जीडब्ल्यूएच बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना का निर्माण किया शुरू



जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी को हाल ही में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) से इस परियोजना का ठेका मिला था। इस परियोजना में दो प्रतिष्ठान हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 500 मेगावाट (एच) है।जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने राजस्थान के फतेहगढ़ में एक जीडब्ल्यूएच क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना का निर्माण शुरू कर दिया है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी को हाल ही में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) से इस परियोजना का ठेका मिला था। इस परियोजना में दो प्रतिष्ठान हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 500 मेगावाट (एच) है। परियोजना को बिल्ड ओन ऑपरेट एंड ट्रांसफर (बीओओटी) तंत्र के तहत विकसित किया जाएगा और 12 साल बाद इसे 'ऑफटेकर' को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कहा कि उसका लक्ष्य जून 2025 तक इस परियोजना को चालू करना है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शरद महेंद्र ने कहा, " ...हमारी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना ग्रिड स्थिरता को बढ़ाने और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है

# Mutual Fund में बना शानदार रिकार्ड, इन्वेस्टमेंट पहुंचा 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक




इक्विटी म्युचुअल फंड ने अप्रैल 2024 में काफी निराशाजनक प्रदर्शन किया था। इसकी जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स ऑफ इंडिया के आंकड़ों से मिलती है। एसोसिएशन कि आंकड़ों पर गौर करें तो अप्रैल में 16.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18917.08 करोड रुपए का निवेश किया गया था।

म्युचुअल फंड में लोगों द्वारा निवेश लगातार बढ़ता जा रहा है। इक्विटी म्युचुअल फंड में में के महीने में उम्मीद से अधिक निवेश हुआ है। मैं में इक्विटी म्युचुअल फंड में 34,697 करोड रुपए का निवेश हुआ है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। अप्रैल की अपेक्षा इस निवेश राशि में 83 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। म्युचुअल फंड के लिए यह आंकड़ा एक रिकॉर्ड है।

अप्रैल में उम्मीद से कम था प्रदर्शन

इक्विटी म्युचुअल फंड ने अप्रैल 2024 में काफी निराशाजनक प्रदर्शन किया था। इसकी जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स ऑफ इंडिया के आंकड़ों से मिलती है। एसोसिएशन कि आंकड़ों पर गौर करें तो अप्रैल में 16.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18917.08 करोड रुपए का निवेश किया गया था। वहीं मई के महीने में यह आंकड़ा 83.42 प्रतिशत बढ़ गया और निवेश 34697 करोड रुपए पर पहुंच गया। निवेश में आई इस बढ़ोतरी से साफ जाहिर हुआ है कि निवेशकों का भरोसा इक्विटी म्यूचुअल फंड में और अधिक बढ़ा है।

ओपन एंडेड इक्विटी फंड्स में निवेश बढ़ा मई में ओपन एंडेड इक्विटी फंड्स में निवेश में तेजी आई है। मई के महीने में लगातार 39वें महीने ये पॉजिटिव जोन में रहा है। आमतौर पर माना जाता है कि इक्विटी म्युचुअल फंड में निवेशक ध्यान से निवेश करें मगर फिर भी कुछ महीनों में निवेशकों का भरोसा इसपर मजबूत हुआ है।

सेक्टोरल और थीमेटिक फंड्स में शानदार प्रदर्शन ओपन एंडेड इक्विटी फंड्स में निवेश बढ़ा है जिसके लिए सेक्टोरल और थीमेटिक फंड्स को मुख्य कारण बताया जा रहा है। ये फंड्स ऐसे थे जिसमें मई के महीने में 19,213.43 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।

# Paytm ने पुनर्गठन के तहत कर्मचारियों की छंटनी की

फिनटेक कंपनी वन97 कि वह कर्मचारियों के सुचारू




कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023–24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने जनवरी–मार्च तिमाही में पीपीबीएल में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 227 करोड़ रुपये के निवेश को बट्टे खाते में डाला है।वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें 'आउटप्लेसमेंट' (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है।हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई। जनवरी–मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था।कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा, " कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है।"भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप–अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था।फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023–24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने जनवरी–मार्च तिमाही में पीपीबीएल में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 227 करोड़ रुपये के निवेश को बट्टे खाते में डाला है।

# पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया



कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। वसीम ने 23 गेंद पर 15 रन बनाए। मलिक ने कहा,"आप उसकी (वसीम) पारी पर गौर करो तो ऐसा लगता है कि वह रन बनाने के बजाय गेंदें बर्बाद कर रहा है और लक्ष्य का पीछा करते हुए चीजों को मुश्किल बना रहा है।" एक अन्य पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। अफरीदी ने कहा," एक कप्तान सभी को साथ लेकर चलता है। वह या तो टीम को बर्बाद करता है या उसको अच्छा बना देता है। विश्व कप को समाप्त होने दो इसके बाद में खुलकर बात करूंगा।" उन्होंने कहा,"शाहीन (अफरीदी) के साथ मेरा ऐसा रिश्ता है कि अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा, तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं। " अफरीदी की बेटी की शादी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन के साथ हुई है जिन्हें विश्व कप से ठीक पहले कप्तान पद से हटा दिया गया था। उनके कप्तान रहते हुए पाकिस्तान ने केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ एक श्रृंखला खेली। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुआई वाली टीम सुपर आठ चरण में पहुंचने की हकदार नहीं है। ख्तर ने एक्स पर जारी एक वीडियो में कहा,"निराश और आहत होने पर पोस्ट करना स्वाभाविक है। पूरा देश निराश और हताश है।

# सुशांत के फ्लैट में अदा शर्मा गुनगुना रहीं भजन



fi छले कुछ महीनों से अदा शर्मा के दिवंगत अपार्टमेंट में शिफ्ट होने की अटकलें अफवाहों

एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के मुंबई स्थित लगाई जा रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इन पर बात की और कन्फर्म किया कि वह चार महीने पहले ही इस घर में शिफ्ट हुई हैं। सुशांत सिंह राजपूत के घर से उनका एक लेटेस्ट वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें उन्हें भजन गाते हुए देखा जा सकता है। पॉपुलर पैपराजी हैंडल विरल भयानी की शेयर की गई एक क्लिप में अदा शर्मा को एक सफेद संगमरमर के स्टेज पर बैठे देखा जा सकता है। इसके पीछे पूजा का सामान है। एक सिंपल सफेद सलवार कमीज पहने हुए अदा शर्मा एक राम भजन गाती हैं। यह वीडियो इंस्टा पर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अदा शर्मा ने हाल ही में बताया किया कि वह अब अपने नए माहौल में पूरी तरह से घर जैसा महसूस करती हैं। बॉम्बे टाइम्स के साथ एक इंटरव्यू में अदा ने सुशांत सिंह राजपूत के घर होने के अपने फैसले के बारे में डिटेल से इसमें कहा गया कि कुछ लोगों ने उन्हें में शिफ्ट होने से रोकने की कोशिश की पहले फ्लैट (मोंट ब्लांक अपार्टमेंट, लेकिन मैं बस्तर और द केरल समेत अपने प्रोजेक्ट्स को प्रमोट मथुरा में हाथी अभयारण्य में कुछ छुट्टी मिली और मैं आखिरकार यहां

में शिफ्ट बताया। बांद्रा की प्रॉपर्टी थी। "मैं चार महीने बांद्रा) में शिफ्ट हुई थी स्टोरी की ओटीटी रिलीज करने में बिजी थी। इसके बाद मैंने समय बिताया। हाल ही में मुझे कुछ समय की आ गई।" महीनों से अदा शर्मा के दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के मुंबई स्थित अपार्टमेंट में शिफ्ट होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इन अफवाहों पर बात की और कन्फर्म किया कि वह चार महीने पहले ही इस घर में शिफ्ट हुई हैं। सुशांत सिंह राजपूत के घर से उनका एक लेटेस्ट वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें उन्हें भजन गाते हुए देखा जा सकता है।

अदा ने पूरे अपार्टमेंट को सफेद रंग से रंगकर इसे एक ताजा और शांत माहौल दिया। रिपोर्ट्स बताती हैं कि उन्होंने निचली मंजिल को एक शांत मंदिर में बदल दिया है। ऊपरी मंजिल पर एक कमरा म्यूजिक, दूसरा डांस स्टूडियो और छत को हरे–भरे बगीचे में बदल दिया गया है। ¼fgQh½

# रेखा का दिखा मार्डन अंदाज



j खा का नाम लें तो बॉलीवुड की सीनियर और वर्सेटाइल हीरोइन की दिलकश हीरोइन की तस्वीर जेहन में आती है। रेखा को पिछले कुछ साल से एक खास गेटअप में देखा जा रहा है। अपने पब्लिक अपीयरेंस में रेखा एक फाइन फैब्रिक की हैवी साड़ी में दिखाई देती है जिससे मैचिंग की रॉयल लुक वाली ज्वैलरी उनकी शान बढ़ाती है। साथ ही उनके बाल करीने से पीछे की तरफ बंधे हुए होते हैं। इस लुक को देखकर अगर आप सोचते हैं कि रेखा इसी लुक में खूबसूरत नजर आती हैं तो आप गलत हैं। वो वेस्टर्न लुक में भी उतनी ही सुंदर लगती हैं। स्टार रेट्रो टीवी ने रेखा का एक पुराना वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रेखा किसी फंक्शन का हिस्सा बनी है जिसमें उनके हाथ में एक ट्रॉफी भी दिखाई देती है। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए रेखा बिलकुल काले लिबास में पहुंची। ये लिबास इंडियन ट्रेडिशनल नहीं है बल्कि वेस्टर्न आउटफिट है। जिसके साथ रेखा ने स्टाइलिश हेयर स्टाइल भी रखी है। उनके सामने के बाल पीछे लेकर पिन किए गए हैं। जबकि दोनों साइड से लेकर पीछे तक बहाल खुले हुए हैं। इस वेस्टर्न लुक में भी रेखा बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। अक्सर रेखा कांजीवरम की गोल्डन रंग की साड़ी में दिखती हैं लेकिन उनका ये अंदाज देखकर फैन्स भी उन पर प्यार लुटा रहे हैं। ¼fgQh½

# मिस्टर एंड मिसेज माही की रफ्तार हुई धीमी, जाह्नवी-राजकुमार की फिल्म ने 9वें दिन कमाए 2.15 करोड़



जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज हुई थी. फिल्म को शानदार ओपनिंग मिली. जाह्नवी और राजकुमार राव की जोड़ी को फैंस ने काफी पसंद किया. हालांकि, अब फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है. फिल्म 8 दिनों में तकरीबन 25 करोड़ की कमाई कर चुकी है.

शरन शर्मा के निर्देशन में बनी मिस्टर एंड मिसेज माही ने बॉक्स ऑफिस पर 6.75 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। रिलीज के 8वें दिन इसने सबसे कम कमाई यानी सिर्फ 1. 3 करोड़ रुपये का ही कारोबार किया था।हालांकि, 9वें दिन इसने 2.15 करोड़ का कलेक्शन लिया। इस तरह मिस्टर एंड मिसेज ने अब तक 9 दिन में देशभर में 27.90 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।यह फिल्म टिकट खिड़की पर बड़ी धीमी रफ्तार में आगे बढ़ रही है।

वहीं हाल ही में हॉरर कॉमेडी मुंज्या रिलीज हुई है और इस फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. मुंज्या का असर भी मिस्टर एंड मिसेज माही पर देखने को मिला.मिस्टर एंड मिसेज माही एक स्पोर्ट्स ड्रामा है। क्रिकेट के प्रति राजकुमार का जुनून और प्यार के खातिर मैदान में उतरीं जाह्नवी की केमिस्ट्री की दर्शकों ने तारीफ की है।महेंद्र बने राजकुमार का बचपन से क्रिकेटर बनने का सपना है, लेकिन वह किसी वजह से यह ख्वाब पूरा नहीं कर पाता है।हालांकि, महेंद्र के ख्वाब को पूरा करने महिमा (जाह्नवी) मैंदान में आती है। पेशे से डॉक्टर महिमा अपने पति के सपनों को जीती है।

# शिल्पा शेट्टी ने देखे कई उतार-चढ़ाव



C, लीवुड की वो हसीना, जिसने अपने ठुमके से पूरे यूपी–बिहार को लूट लिया। जी हां, बात कर रहे हैं एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की। शिल्पा आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं, लेकिन उनके लिए यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। एक दौर वो भी था, जब उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था, लेकिन ये रिजेक्शन क्यों? ये कारण उन्हें कभी किसी ने नहीं बताए। अपने करियर के शुरुआती दौर में उन्हें काफी निराशा और हतोत्साह का सामना करने के बाद भी वो रुकी नहीं और उन्होंने फैसला किया कि वह वो करके ही दम लेगी, जिसके सपने उन्होंने देखे हैं। अब शिल्पा शेट्टी ने बॉलीवुड में अपनी पहचान बना ली है। शिल्पा शेट्टी ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे से अपने करियर और निजी जिंदगी के बारे में वो सब जाहिर किया था, जिनके बारे में कोई नहीं जानता। इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि करियर की शुरुआत कैसे हुई? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं सांवली, पतली और लंबी थी। ग्रेजुएशन के बाद मैं अपने पिता के साथ काम करना चाहती थी। हालांकि, मैं दिल से कुछ नया और बड़ा करना चाहती थी, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे वह अवसर मिलेगा लेकिन, चीजें तब बदल गईं जब उन्होंने सिर्फ मनोरंजन के लिए एक फैशन शो में हिस्सा लिया। शिल्पा ने बताया कि एक फोटोग्राफर ने मुझे देखा और तस्वीरें लेने के लिए कहा। इस तरह मेरा ग्लैमर इंडस्ट्री से परिचय हुआ। उन्होंने बताया कि इसके तुरंत बाद मुझे मेरी पहली फिल्म का ऑफर मिला। उसके बाद से कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं अपने करियर में ऊपर–नीचे होती रहती हूं, लेकिन कोई भी सार्थक चीज आसानी से नहीं मिलती। शिल्पा ने कहा कि जब मैं इंडस्ट्री में आई तब मैं 17 साल की थी और मैंने न तो दुनिया देखी थी और न ही जिंदगी को समझा था। उन्होंने कहा कि मुझे हिंदी बोलना नहीं आता था, इसलिए मैं कैमरे के सामने आने के ख्याल से घबरा जाती थी। कुछ फिल्मों के बाद मैं उस मुकाम पर पहुंच गई, जहां मेरा करियर खत्म हो गया। मैंने कई बार कोशिश की है, लेकिन मैं हमेशा पिछड़ती रही।

# थाई स्लिट स्कर्ट पहन हिना खान ने कराया बोल्ड फोटोशूट, कातिलाना अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर



टीवी एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका गॉर्जियस अंदाज देखकर फैंस आहें भरते हुए नजर आ रहे हैं।

एक्ट्रेस हिना खान जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं।

हिना खान ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की जैकेट और थाई स्लिट स्कर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजार आ रही हैं।

ओपन हेयर, हाई हील्स, कानों में इयररिंग्स और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस हिना खान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें, एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपने रिएक्शंस देते हैं।

हालांकि इन तस्वीरों में भी यूजर्स ने जमकर अपना प्यार बरसाया है। एक यूजर ने लिखा है– टू मच हॉट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है– लुकिंग किलर बेब। तीसरे यूजर ने लिखा है– सो ग्लैमरस।

हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।



# बिग बास ओटीटी 3 में एंट्री लेंगी नुपूर सेनन? एक्ट्रेस ने खुद बताया सच

बिग बॉस ओटीटी अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस बार अनिल कपूर शो को होस्ट करने वाले हैं. अनिल कपूर का ये शो 21 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर शुरू हो रहा है. बिग बॉस ओटीटी 3 को आप 24–7 देख सकते हैं. वहीं इस बार शो में जाने के लिए काफी सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं. ऐसी खबरें आई थीं कि कृति सेनन की बहन नुपुर रियलिटी शो में एंट्री करती नजर आएंगी हालांकि, अब नूपुर ने खुद ही इन अफवाहों पर रिएक्ट किया है. उन्होंने कहा कि, ये महज अफवाहें है और उन्हें ये भी नहीं पता कि इस सब की शुरुआत कहां से हुई. नूपुर ने कहा कि उन्होंने कुछ आर्टिकल पढ़े हैं जिनमें कहा गया है कि उनसे पिछले सीजन के लिए भी संपर्क किया गया था और उन्होंने पहले कभी अपने बारे में ऐसी अफवाह भी नहीं सुनी थी. नूपुर से जब पूछा गया कि क्या वह रियलिटी शो में हिस्सा लेने के बारे में सोच रही हैं तो उन्होंने कहा कि, उन्हें नहीं लगता कि उनके पास इन सबके लिए समय है. इस शो में अगर चली गई तो मेरे सारे टेलर और मास्टर जी जब मुझे काम पर लंबे समय तक नहीं देखेंगे तो रोने लग जाएंगे. वहीं कृति ने भी कहा कि उनकी बहन नुपुर के रियलिटी शो में हिस्सा लेने की अफवाह उन तक भी नहीं पहुंची है. लेकिन अगर ये अफवाह हमारी बिग बॉस यानी उनकी मां गीता सेनन तक चली गई तो वो भी इसके लिए कभी हामी नहीं भरेंगी.वहीं इस शो को लेकर अनिल कपूर भी काफी एक्साइटेड है. उन्होंने अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए कहा था कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं. हम दोनों दिल से जवान हैं, लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है. ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और मजेदार ट्राई करना. मैं बिग बॉस में उसी एनर्जी को 10 गुना ज्यादा लाने जा रहा हूं. मैं इसमें अपना स्वाद लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता.

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक / मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126 / 21 / 1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)